तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024

12 साव बोले- सुप्रीम कोर्ट ने भी ईवीएम पर फैसला सुना...

12 पहली बार गले के रास्ते दिल तक पहुंचकर लगाया तैरता...

गंगरेल से पानी रुका तो सूखने लगा शहर का गला, खोले गए एनीकट के गेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

खारुन नदी में गंगरेल बांध के नहर का पानी अचानक बंद कर देने से राजधानी रायपुर में पानी सप्लाई का संकट गहराने लगा था। यह समस्या गंभीर हो सकती थी, अगर समस्या से निजात दिलाने नगर निगम प्रशासन कदम उठाने में देर करता। निगम ने पानी की सप्लाई निरंतर जारी रहे इसके लिए काठाडीह और मुर्रा गांव में बने एनीकेट के गेट खुलवा दिए हैं, जिसके बाद शहर में पानी की सप्लाई शुरू तो हो गई है, लेकिन पानी की समस्या अभी भी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है, क्योंकि गंगरेल का पानी अब तक रायपुर नहीं पहुंचा है।

शहरभर में पानी की सप्लाई रायपुरा के पास स्थापित फिल्टर प्लांट से होती है। इसके लिए प्लांट के नजदीक वाले एनीकेट से पानी लिया जाता है। इस एनीकेट में गंगरेल बांध से नहर से छोड़े जाने वाला सिंचाई विभाग का पानी भी आता है। सिंचाई विभाग ने गंगरेल बांध में मरम्मत के नाम पर अचानक नहर का पानी छोड़ना बंद कर दिया है, जिसके कारण रायपुर फिल्टर प्लांट के एनीकेट में पानी सूखने लगा था। इधर इसकी जानकारी निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को मिली। गंगरेल से पानी बंद करने से पहले सिंचाई विभाग ने इसकी सूचना भी निगम को नहीं दी थी। इस कारण शहर में पानी सप्लाई भी प्रभावित होने लगी ▶▶|शेष पेज 11 पर

गंगरेल से छोड़ा गया पानी

मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम आयुक्त की नाराजगी के बाद गंगरेल बांध से भी पानी छोड़ा गया है, जो धमतरी के चटोड नहर के रास्ते खारुन में लाया जा रहा है। खारुन नदी में ही तर्रीघाट के पास एनीकेट बना हुआ है। नहर का पानी पहले तर्रीघाट में जमा होगा, जहां उसे फिल्टर प्लांट के एनीकेट तक लाया जाएगा। आयुक्त ने बताया कि तर्रीघाट एनीकेट अभी बंद है। गंगरेल से पानी पहुंचने के बाद उसे भी खुलवाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि शहर में पानी की कमी की समस्या दूर हो।

बड़ी समस्या से बाल-बाल बचा रायपुर, आयुक्त ने जताई नाराजगी

एक-दो दिन लगेंगे गंगरेल का पानी आने में

बताया जा रहा है कि गंगरेल से पानी छोड़ दिया गया है, लेकिन उसे रायपुर तक आने में एक-दो दिन का और समय लग सकता है, तब तक शहर में पानी की समस्या बनी रहेगी।

आज-कल में आ जाएगा गंगरेल का पानी

गंगरेल से पानी छोड़ने आवेदन किया गया था, जिसके बाद छोड़ा गया है। रायपुर फिल्टर प्लांट एनीकेट तक आज-कल में आ जाएगा, जिसके बाद सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

- **सतनाम पनाग**, एमआईसी सदस्य, जलकार्य विभाग

खबर संक्षेप

चलती कार में लगी आग, हुई खाक

रायपुर। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक चलती कार में आग लगने से हड़कंप मच गया। चलती कार में आग लगने से ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस के मुताबिक रिट्ज कार सीजी 04 एचजे 7558, जिसका मालिक दौलत साहू है। उक्त कार में दौलत साहू के भतीजे तथा अन्य गृहप्रवेश के कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे, इसी दौरान लाखेनगर जाने वाले मार्ग पर कार के बोनट से धुआं उठने लगा। धुआं उठते देख कार सवार लोगों ने बोनट खोला तो आग भड़क गई और देखते ही देखते कार पूरी तरह से जल गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने से पहले कार पूरी तरह से जल चुकी थी।

लूट-चोरी, दो नाबालिगों समेत तीन गिरफ्तार

रायपुर। खम्हारडीह पुलिस ने लूट तथा चोरी के आरोप में दो नाबालिगों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की एक बाइक एवं एक्टिवा जब्त की है। पुलिस के मुताबिक आरिफ कुरैशी के साथ लूट की घटना को अंजाम देने के आरोप में महासमुंद निवासी वासुदेव यादव तथा दो अन्य नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों ने शंकरनगर तथा खम्हारडीह में मोबाइल चोरी करने के साथ दोपहिया चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला

रायपुर। टिकरापारा थाने में एक व्यक्ति ने एक युवक तथा उसके साथियों के खिलाफ अपने बेटे पर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिचर्ड बंजारे ने युगल तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। रिचर्ड ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात उसका बेटा अनीश बचाओ-बचाओ कहते हुए दौड़ते हुए उसके पास पहुंचा और अपने पिता को बताया कि युगल तथा उसके साथी ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए अनीश की छाती तथा जांघ में चाकू से गंभीर रूप से वार कर घायल कर दिया है।

चाकू लेकर घूमते धरा गया बदमाश

रायपुर। किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में चाकू लेकर घूम रहे बदमाश को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लंबा बटनदार चाकू बरामद किया गया है। खम्हारडीह थाने को सूचना मिली थी कि बनियान ट्री के पास एक युवक संदिग्ध गतिविधि में घूम रहा है। पुलिस टीम वहां पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके पास से चाकू मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर आरोपी के खिलाफ 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

खाने के बाद शरीर के ताप को नियंत्रित करता है बोरे-बासी

गढ़कलेवा के मेनू से बोरे-बासी गायब, गर्मी चरम पर पहुंच रही, पर इसकी मांग आई ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध राजधानी रायपुर के गढ़कलेवा के मेन्यू से छत्तीसगढ़ का ठेठ देहाती पारंपरिक व्यंजन बोरे बासी गायब हो गया है, जिसके कारण लोगों को बोरे बासी का स्वाद भी चखने के लिए नहीं मिल पा रहा है। पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई 2023 को मजदूरों के सम्मान में बोरे बासी को तिहार के रूप में पूरे प्रदेश में मनाया गया था। इस तिहार को राज्य में अलग-अलग अंदाज में मनाया गया था, जिसमें मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर मुख्य सचिव, कलेक्टर-एसपी सहित सारे विभागों के अफसरों से लेकर कर्मचारियों ने इस दिन बोरे-बासी खाया था। खाना खाने के साथ इनका फोटो भी सोशल मीडिया में वायरल किया गया था, जिसके कारण इस छत्तीसगढ़ी व्यंजन को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान मिली थी। सरकार बदलने के बाद बोरे-बासी की पूछ-परख बंद हो गई है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के मेन्यू से ही यह गायब हो गया है।

बोरे-बासी खाने के फायदे

छत्तीसगढ़िया व्यंजन बोरे-बासी खाने से कई फायदे होते हैं। इसे खाने से खूब प्यास लगती है और ज्यादा पानी पीने से डि-हाइड्रेशन जैसी समस्या नहीं होती। बताया जाता है कि इसे खाने के बाद यह शरीर के ताप को नियंत्रित करता है। जिसकी वजह से पड़ने वाली गर्मी और लू का प्रभाव नहीं पड़ता। इसे खाने से नींद भी अच्छी आती है।

मजदूरों के सम्मान में अब नहीं मन रहा बोरे-बासी तिहार

गढ़कलेवा की सूरत भी बिगड़ी

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट चौक के पास संस्कृति विभाग परिसर में स्थित गढ़कलेवा नाम से एक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का रेस्टारेंट बनाया गया है, जिसमें सिर्फ छत्तीसगढ़ी व्यंजन ही लोगों को परोसे जाते हैं। गढ़कलेवा में लोगों के बैठने के लिए टेबल-कुर्सी से लेकर कॉटेज सभी बस्तर के पारंपारिक कलाकृति स्टाइल में बनाया गया है, ताकि यहां पहुंचने वाले लोग छत्तीसगढ़ की संस्कृति व कलाकृति से परिचित होने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुत्फ उठा सकें, लेकिन पिछले सालभर ▶▶|शेष पेज 11 पर

कलेक्टोरेट परिसर में संचालित गढ़कलेवा से भी बोरे बासी गायब

कलेक्टोरेट स्थित जिला पंचायत बिल्डिंग परिसर में संचालित गढ़कलेवा के व्यंजनों के मेन्यू से बोरे-बासी का नाम हटा दिया गया है। इसके कारण यहां भी बोरे-बासी अब मिलना बंद हो गया है। इस गढ़कलेवा की संचालक विनीता पाठक ने बताया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में 1 मई को बोरे-बासी लोगों को परोसा गया था। इसके बाद कुछ दिनों तक बोरे-बासी की मांग रही, लेकिन बाद में इसकी मांग कम हो गई, जिसके कारण बोरे-बासी रखना बंद कर दिया है। इस गर्मी के सीजन में भी मांग अभी नहीं है। 1 मई को श्रमिक दिवस पर बोरे-बासी व्यंजन बनाया जाएगा। राज्य में बोरे-बासी तिहार मनाये जाने के बाद गढ़कलेवा के साथ कई छोटे-बड़े होटल व रेस्टोरेंट में भी बोरे-बासी मिलने लगा था, लेकिन अब उन होटल-रेस्टोरेंट के मेन्यू से भी यह गायब हो चुका है।

मई के दूसरे सप्ताह में दसवीं-बारहवीं के नतीजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं के परिणाम मई के दूसरे सप्ताह में जारी किए जाएंगे। राजधानी रायपुर में लोकसभा चुनाव के अंतर्गत तीसरे चरण में 7 मई को वोट डाले जाएंगे। माशिम इसके बाद परिणामों की घोषणा करेगा। निश्चित तिथि की घोषणा कुछ दिनों में कर दी जाएगी। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, दूसरे सप्ताह के प्रारंभ में ही माशिम परिणाम घोषित करेगा। बीते वर्षों की तरह इस बार भी दसवीं-बारहवीं के परिणाम एक साथ ही जारी किए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अब परिणाम तैयार किए जा रहे हैं। यह कार्य भी लगभग अंतिम चरण में ही है।

- रायपुर में मतदान के बाद जारी किए जाएंगे परिणाम

गौरतलब है कि इस बार दसवीं की परीक्षा में 3 लाख 43 हजार तथा बारहवीं की परीक्षा में 2 लाख 55 हजार छात्र शामिल हुए थे। इसके अलावा दसवीं में प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में 6 हजार ▶▶|शेष पेज 11 पर

दो बार परीक्षा इस सत्र में नहीं

दसवीं-बारहवीं की परीक्षा साल में दो बार आयोजित कराने संबंधित निर्णय कुछ दिनों पूर्व शासन द्वारा लिया गया था, लेकिन इसके मौजूदा सत्र से लागू होने की संभावना नहीं है। माशिम 2025 से ही छात्रों को यह सुविधा प्रदान करेगा। मंडल की बैठक में इससे संबंधित निर्णय लिए गए हैं। प्रस्ताव बनाकर उच्च स्तर पर भेज दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत मार्च में होने वाली दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं में फेल अथवा अपने अंकों से असंतुष्ट छात्रों को दोबारा मौका दिए जाने का प्रावधान था। ऐसे छात्रों के लिए जुलाई में पुनः परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

दूसरे सप्ताह में

मूल्यांकन संबंधित कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं। हम मई के दूसरे सप्ताह में 10वीं-12वीं के परिणाम घोषित कर देंगे। निश्चित तिथि फिलहाल नहीं बता सकते।

- **पुष्पा साहू**, सचिव, माशिम

शराब दुकान से बाइक उठाते पकड़ा गया, पूछताछ में मिली चोरी की 22 गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाने की पुलिस ने पांच सदस्यी वाहन चोर गिरोह के कब्जे से 12 लाख रुपए कीमत की चोरी की 22 दोपहिया गाड़ियां जब्त की हैं। जब्त वाहनों में ज्यादातर बाइक शामिल हैं। चोरी के वाहन को बदमाश पब्लिक एरिया में संचालित पार्किंग में छिपा कर रखते थे। इसके बाद ग्राहक मिलने पर औने-पौने दाम पर दोपहिया को बेचने का काम करते थे।

- चोरी की बाइक को औने-पौने दाम में ग्रामीणों को बेचने के साथ ओडिशा में खपाते थे

पुलिस के मुताबिक दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में मुजगहन में रहने वाले गोवर्धन दास उर्फ विक्की, तारेन्द्र साहू, तेजराम साहू, मोनू बंजारे, रोशन साहू को गिफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इंटर स्टेट बस टर्मिनल तथा टिकरापारा इलाके में आए दिन दोपहिया वाहन चोरी होने की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद पुलिस की एक टीम गठित कर वाहन चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की गई। साथ ही जेल से छूटे वाहन चोरी करने वालों के बारे में जानकारी जुटाकर उन पर नजर रखी गई। ▶▶|शेष पेज 11 पर

पार्किंग के अलावा लोगों के घरों से जब्ती

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरपियों ने जिन 22 दोपहिया गाड़ियों की चोरी की थी, उनमें से कई गाड़ियां आरंग, महासमुंद तथा सेजबहार से जब्त की गई हैं। टिकरापारा टीआई के मुताबिक दोपहिया वाहन चोरी करने का मास्टर माइंड गोवर्धन है, गोवर्धन के इशारे पर उसके साथी दोपहिया चोरी करने की घटना को अंजाम देते थे। इसके साथ ही दोपहिया को खपाने के लिए गोवर्धन तारेंद्र तथा अन्य को ग्राहक तलाश करने की जिम्मेदारी देता था। तारेंद्र के खिलाफ तेलीबांधा सहित कई ▶▶|शेष पेज 11 पर

41.6 डिग्री तक पहुंचा रायपुर का तापमान, धूप तेज

कम होगी बढ़ती गर्मी, उत्तर-मध्य हिस्से में बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चालीस डिग्री के पार हो चुकी गर्मी एक बार फिर बादल बारिश की वजह से कम होने के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तैयार सिस्टम की वजह से अगले 48 घंटे में उत्तर तथा मध्य इलाके में बारिश के आसार बन रहे हैं। रायपुर का पारा शुक्रवार को 41.6 डिग्री दर्ज किया गया और तेज धूप की वजह से लोगों ने परेशानी का अनुभव किया।

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अप्रैल में रायपुर का सर्वाधिक तापमान 42.8 तक पहुंचा है। वहीं 41 डिग्री से अधिक का तापमान पांच दिन दर्ज किया गया है। बीते शेष दिनों में कभी बादल-बारिश तो कभी मामूली गर्मी रही है। पिछले दो दिन से प्रदेश में गर्मी फिर अपना असर दिखा रही है और शुक्रवार को राज्य का अधिकतम तापमान दुर्ग का 42.0 तथा रायपुर का 41.6 डिग्री दर्ज किया गया। शहर के लोग दोपहर तेज धूप से परेशान होते रहे, मगर अगले 48 घंटे में इससे थोड़ी राहत रहने की संभावना बन रही है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक विक्षोभ का प्रभाव और बंगाल की खाड़ी से आने ▶▶|शेष पेज 11 पर

तेज गर्मी से होगी मई की शुरुआत

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले दो-तीन दिनों तक तापमान नरम रहेगा, मगर अंतिम दिनों में फिर गर्मी के तेवर रहेंगे। अनुमान है कि मई की शुरुआत तेज गर्मी के साथ होगी और पहले सप्ताह में इसका प्रभाव अधिक रहेगा।

रविवि में शुरू होगा सिंधी में एमए, देश में जहां ये पाठ्यक्रम संचालित, वहां से लिए जाएंगे टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि सिंधी भाषा में एमए की पढ़ाई प्रारंभ करने वाला है। जुलाई से प्रारंभ हो रहे नवीन शैक्षणिक सत्र से इसकी शुरुआत हो सकती है। इसके लिए रविवि ने तैयारी आरंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवीन पाठ्यक्रम के संचालन के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है। उच्च शिक्षा विभाग से मंजूरी मिलते ही इसमें प्रवेश सहित अन्य प्रक्रियाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी। फिलहाल रविवि में सिंधी भाषा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है। गुरुवार को इसके परिणाम जारी किए गए, जिसमें सभी छात्रों ने सफलता हासिल की है।

देशभर में ऐसे शैक्षणिक संस्थानों की संख्या मात्र 4 है, जहां सिंधी भाषा में एमए की उपाधि दी जा रही है। जिन संस्थानों में यह पाठ्यक्रम संचालित हो रहा है, वहां से जानकारी जुटाई जा रही है। सिलेबस, रेफरेंस बुक सहित अन्य तरह की जानकारी एमए सिंधी के लिए एकत्र की जा रही है। रविवि यूटीडी में भाषा अध्ययनशाला के अंतर्गत ही इसका संचालन होगा। संबद्ध महाविद्यालयों के स्थान पर सिर्फ विवि अध्ययनशाला में ही इसकी पढ़ाई होगी।

फिलहाल सिंधी भाषा में डिप्लोमा प्रदान करता है रविवि

एमकॉम भी नए सत्र से

नए सत्र से रविवि द्वारा एमकॉम की भी शुरुआत की जा रही है। यह पहला मौका होगा, जब यूटीडी में वाणिज्य संकाय की एंट्री होगी। अब तक यहां कॉमर्स संबंधित किसी भी पाठ्यक्रम का अध्ययन-अध्यापन नहीं होता रहा है। शुरुआत में इसे प्रबंधन संकाय के अंतर्गत ही रखा जाएगा। इसमें भी शुरुआती बैच में सीट संख्या 20 से 30 के मध्य रहने की संभावना है।

रविवि पहला संस्थान

छत्तीसगढ़ में एमए सिंधी की पढ़ाई शुरू करने वाला रविवि पहला संस्थान होगा। रविवि के अतिरिक्त प्रदेश के अन्य किसी विश्वविद्यालय में फिलहाल इसका संचालन नहीं हो रहा है। इसमें दाखिले प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से दिए जाने की तैयारी है। सूत्रों के अनुसार शुरुआती बैच में सीट संख्या 20 के लगभग रह सकती है। इसके लिए विस्तृत अधिसूचना उच्च स्तर पर अनुमति मिलने के बाद ही जारी होगी। डिप्लोमा इन सिंधी को छात्रों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। ऐसे में प्रबंधन को उम्मीद है कि डिग्री पाठ्यक्रम को भी अच्छा प्रतिसाद मिलेगा।

चुनाव ड्यूटी से गायब रहने पर प्रशासन सख्त, 3 कर्मचारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिना सूचना दिए चुनाव ड्यूटी से गायब रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध जिला प्रशासन अब सख्त रवैया अपनाने लगा है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने ऐसे तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। ये तीनों बिना पूर्व सूचना दिए चुनाव ड्यूटी से गायब थे। इस संबंध में कलेक्टर ने शुक्रवार को आदेश जारी किया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला सोनेसिल्ली में पदस्थ सहायक शिक्षक जानू ध्रुव, उपसंचालक उद्यान कार्यालय में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ कर्मचारी नितेश तुरकने तथा आदिम जाति विभाग कार्यालय रायपुर में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ राकेश सिंह ध्रुर्वे की ड्यूटी लोकसभा चुनाव में लगाई गई थी। तीनों कर्मचारी चुनाव संबंधित अधिकारियों को बिना किसी सूचना के गायब हो गए, जिसके कारण चुनाव संबंधी कार्य प्रभावित हुए। कलेक्टर ने इसे कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही मानते हुए उनके ▶▶|शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

हैण्डलूम हैण्डीक्राफ्ट एक्सपो

आज से
भव्य शुभारंभ

उद्घाटनकर्ता

राजेश्री महंत
रामसुन्दर दास जी महाराज

फिरोज़ अख्तर जी

समय शाम 6:15 बजे से

DISNEY LAND
MELA

मनोरंजन भी.. खरीदारी भी..

मेला स्थल- रावणभाटा मैदान
नये बस स्टैंड के पास, रायपुर

रायपुर में पहली बार
इंटरनेशनल एसी फिश टनल

आज ही सपरिवार पधारें

sumitadvertisers

खबर संक्षेप

ओवररेट पर शराब बिक्री शिकायत पर कार्रवाई नहीं

आरंग। शराब के महंगा होने से इसके शौकीनों को पहले से जेब ज्यादा ढीले करने पड़ रहे हैं, वहीं दुकानों के कर्मचारियों द्वारा शराब तय मूल्य से अधिक बेचने से क्षेत्र के मदिरा प्रेमी खासे नाराज हैं। ग्राम लखौली में विदेशी-देशी शराब पौवा को 130 की जगह 150 रुपए में देशी मसाला को 110 की जगह 140 रुपए में बेचा जा है। ओवररेट की शिकायत करने पर दुकान में गाली–गलौज और विवाद की स्थिति भी बन जाती है। यहां के शराब दुकानों में आए दिन तय मूल्य से अधिक में शराब बेचने की शिकायतें आम हैं फिर विभाग कोई कार्रवाई नही करता। अवैध उगाही में विभाग की मौन स्वीकृति से मदिरा प्रेमी परेशान है। ज्ञात हो की लोकसभा चुनाव के तहत आज महासमुंद में मतदान होने के कारण महासमुंद क्षेत्र अंतर्गत 03 किमी के दायरे में आरंग व गुल्लू के देशी–विदेशी शराब दुकान पिछले तीन दिनों से बंद है इस कारण लखौली व मंदिरहसौद शराब दुकानों में मदिरा प्रेमियों की भारी भीड उमड़ पडी और सेल्समेन इसका भरपूर फायदा ले रहे है।

महंगाई के लिए भाजपा सरकार दोषी : विकास

तिल्दा नेवरा । रायपुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने ली प्रेस कॉन्फ्रेंस कहा भाजपा के प्रत्याशी आठ बार के विधायक हैं जिनके द्वारा कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया गया , साथ ही कांग्रेस के गारंटी महतारी न्याय योजना के फॉर्म को बताया कारगर वही भाजपा को बढ़ती महंगाई के लिए बताया ज़िम्मेदार।। कांग्रेस के प्रत्याशी विकास उपाध्याय आज कांग्रेस भवन नेवरा में प्रेस कॉन्फ्रेंस की एवं पूर्व के कांग्रेस के भूपेश सरकार की प्रशंसा की एवं उनके द्वारा किए गए कई उल्लेखनीय कार्यों का बखान किया, साथ ही बढ़ती महंगाई के लिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को जिम्मेदार ठहराया एवं भाजपा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के लिए भी उन्होंने कहा की आठ बार रायपुर के विधायक रहे, मंत्री भी रहे लेकिन उनके द्वारा किसी तरह का कोई उल्लेखनीय कार्य क्षेत्र के लिए नहीं किया गया है। उन्होंने कहा की कांग्रेस की महतारी न्याय योजना का फॉर्म महिलाएं बढ़ चढ़ कर भर रही है। उन्होंने कहा की कांग्रेस ने जो वायदा किया है उसे जरूर पूरा करेगी।

न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)
फार्म 'अ'

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री राजू पटेल पिता श्री रामनारायण पटेल निवासी डी-201 हर्ष टावर देवपुरी/ म.नं. 1808/ 52 वार्ड क्रं. 52 शिव मंदिर के पास पियुष कालोनी अमलीडीह जिला रायपुर एवं कु. उर्वशी ध्रुव पिता श्री राजेश ध्रुव निवासी म.नं. 263 अंबिकापुर रोड आई.टी.आई. ग्राम मदनपुर पो. करमीटिकरा तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है ।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 22 मई, 2024 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा ।

आज दिनांक 22 अप्रैल, 2024 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया। अवधि 30 दिन से कम न हो।

मुहर

विवाह अधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

धीवर और निषाद समाज में एका, रोटी-बेटी के संबंध पर बनी सहमति

समाज के उन्नति व एकता को ध्यान में रखकर लिया गया बड़ा निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

मछुआरा समाज के प्रमुख जाति धीवर व निषाद समाज के बीच अब रोटी बेटी लेनदेन प्रारंभ हो चुका है। पूर्व में दोनों समाज के प्रमुख पदाधिकारियो का बैठक रायपुर में हुआ था, जिसमे आज के वर्तमान समय व मछुआरा समाज के उन्नति विकास व एकता को ध्यान में रखकर आवश्यकता अनुरूप समाज के एकीकरण के विषय पर निर्णय लिया गया था। साथ ही धीरे –धीरे रोटी बेटी लेन देंन की दिशा में भी आगे बढ़ने का निर्णय समाज प्रमुखों ने लिया था। इसी के आधार पर धीवर समाज कोरासी परिक्षेत्र निवासी महेश कुमार धीवर पिता जतिराम धीवर निवासी कोरासी पो.आ. भैंसा जिला रायपुर छत्तीसगढ़ का विवाह निषाद समाज के माधुरी

निषाद पिता सुखदेव निषाद निवासी गोबरा नयापारा जिला रायपुर से पूरे सामाजिक रीति रिवाज से संपन्न हुआ। जिसमें दोनो समाज के प्रमुख पदाधिकारीगण जिसमे धीवर समाज छत्तीसगढ़ के कोषाध्यक्ष पवन कुमार धीवर, महासभा उपाध्यक्ष व कोरासी परगना अध्यक्ष रामेश्वर धीवर, खरोरा खौली परगना अध्यक्ष सोहन धीवर, महासमुंद निषाद समाज पदाधिकारी महेंद्र निषाद, नीलकमल निषाद, राजेश निषाद, धीवर समाज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पुरषोत्तम धीवर, सोमनाथ निषाद, मांढर परिक्षेत्र अध्यक्ष नरेंद्र धीवर, धनेश धीवर, आसकुमार धीवर, रेवाशंकर निषाद, संतोष कुमार धीवर, नरेश कुमार धीवर सहित समाज प्रमुखों ने वर–वधु को विवाह पर आशीर्वाद प्रदान कर शुभकामनाएं प्रदान की।

चुनाव : स्वीप कार्यक्रम में रंगोली, मेहंदी सजाओ आदि स्पर्धाएं भी हुईं

मतदान जागरूकता कार्यक्रमों में दिखा लोगों में गजब का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

भारत निर्वाचन आयोग मतदाताओं को शत–प्रतिशत मतदान में सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम चला रहे हैं। इसी कड़ी में आरंग अनुभाग में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में लोगों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। लोग इन आयोजनों में बढ़–चढ़कर भाग लेते हुए एक पर्व के रूप में मनाने लगे हैं। वहीं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर आरंग पुष्पेंद्र शर्मा के निर्देशन में विभिन्न विभागों द्वारा तरह–तरह की गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में महिला बाल विकास विभाग अधिकारी ऋषि कुमार बंजारे के मार्गदर्शन में अंचल के सेक्टर अमसेना, चकवे, अछोली, रानीसागर सेक्टर में भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। जिसमें जागरूकता रैली, स्वीप रंगोली, मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता, मतदान कलश यात्र, जागरूकता गीत, बैनर, पोस्टर, जागरूकता नारा, नुक्कड़ नाटक व शत–प्रतिशत मतदान का शपथ कराया गया। साथ ही सभी मतदाताओ से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने अपील की गई। कार्यक्रम के आयोजन संयोजन में अमसेना सेक्टर से पर्यवेक्षक निर्मला खलखो, चकवे सेक्टर से पर्यवेक्षक सरस्वती सोनी, अछोली सेक्टर से पर्यवेक्षक रामेश्वरी वर्मा रानी सागर सेक्टर से पर्यवेक्षक अंजू तिर्की सहित सेक्टर की अन्य स्व सहायता समूह की महिलाओं की अहम् भूमिका रही।

ग्रामीण मतदाताओं को रसना पेय का वितरण

अभनपुर। रायपुर कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद अभनपुर राजेन्द्र पाण्डेय द्वारा शुक्रवार सप्ताहिक बाजार ग्राम पंचायत चण्डी ग्रामीणो एवं राहगीरो को मतदाता रसना पेय वितरण किया गया। इस अवसर पर मतदाताओ को मतदान संबंधित विभिन्न जागरूकता स्लोगन व नारे लगवाने के साथ ही रायपुर लोकसभा मे 7 मई को होने वाले मतदान को लेकर मतदाताओं शत प्रतिशत वोट करने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम मे रसना पात्र (मटका) में बनाई गई चुनई चिरई की आकृति विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। सीईओ जनपद श्री पाण्डेय ने मतदाओ को चुनाव संबंधित विभिन्न स्लोगन कचुनाव प्रलोभन मे ना आकर स्वतंत्र रूप से निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा का सम्मान करते मतदान करने की अपील की । इस दौरान पीओ मनरेंगा दयानंद देवांगन,हेमन्त भारद्वाज ,लुकेश बारले, सुभाष मिंज, सूर्यकांत ठाकुर, पंचायत के जनप्रतिनिधिगण सचिव, रोजगार सहायक व स्व सहायता समूह (बिहान) की महिलायें सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री साय के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आगामी लोकसभा के चुनाव प्रचार में व्यस्त प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को अपने प्रवास के दौरान अचानक आरंग पहुंचे। सीएम विष्णु देव साय मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार आरंग पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुछ भेटकर उनका भव्य स्वागत किया। श्री साय ने अपने गाड़ी से उतरकर भाजपा कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए कार्यकर्ताओ में जोश भरते हुए कहा कि अब कम समय बचा है, सभी अपने प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने में जुट जाए। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना बंद नही होगा तथा मोदी सरकार के गारंटी के तहत सभी कार्य होंगे। इस अवसर पर उपस्थित विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने भी कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। चुनाव कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान सभी मोर्चा के पदधिकारीगण अधिक संख्या मे उपस्थित थे।

ब्लास्ट से घायल श्रमिकों का हालचाल जानने पहुंचे राजस्व मंत्री वर्मा

रायपुर। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने शुक्रवार को राजधानी के नारायणा अस्पताल पहुंचकर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के रवान स्थित अम्बुजा सीमेंट प्लांट के माइंस में सिलेंडर फटने से घायल श्रमिकों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। आज सुबह अंबुजा सीमेंट संयंत्र के माइंस वर्कशॉप में लाइमस्टोन डम्पर रियर सस्पेंसन में काम करते समय ब्लास्ट हो गया। इस ब्लास्ट से छह लोग झुलसे। इन सभी को इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया है।

आत्मानंद विद्यापीठ के 19 बच्चों का नवोदय में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

डॉ खूबचंद बघेल शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव में विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त हुई है। जिसमें प्रतीक हरबंस पिता उत्तम हरबंस का चयन हुआ है। उल्लेखनीय है कि विगत 7 वर्षों में अब तक 19 बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय माना रायपुर हेतु चयन हुआ है। स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष श्री चोवाराम वर्मा ,राजप्रधान श्री ठाकुर राम वर्मा ,डॉक्टर खूबचंद बघेल शिक्षण समिति के अध्यक्ष के. के. नायक, केंद्रीय युवा अध्यक्ष कपिल कश्यप, संतराम वर्मा (अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव) , मनीष कुमार वर्मा सरपंच, टी. पी. शर्मा , जितेंद्र वर्मा, टी आर वर्मा, मूलचंद वर्मा, भारतद्वाज वर्मा, केवरा वर्मा, सरिता वर्मा ,विद्या वर्मा,सरस्वती वर्मा ,संतोषी वर्मा, दीप्ति ,चंपा ,रुचिका, संजय निर्मलकर सहित अदानी फाउंडेशन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यापीठ के शिक्षक शिक्षिकाओं का भी को बधाई प्रेषित किए हैं।

पेज 9 के शेष...

गंगरेल से पानी रुका...

थी। आयुक्त ने इस मामले में संबंधित अधिकारियों से चर्चा करने के बाद काठाडीह और मुर्रा गांव में बने दोनों एनीकेट के गेट खुलवा दिए हैं। इन दोनों एनीकेट का पानी अब फिल्टर प्लांट के एनीकेट पहुंचेगा, जिससे शहर में शनिवार तक पानी की सप्लाई सामान्य हो जाएगी।

गढ़कलेवा की सूरत...

से गढ़कलेवा का रखरखाव नहीं होने से इसकी सूरत बिगड़ने लगी है। यहां बस्तर की कलाकृतियों से बने कॉटेज व अन्य कलाकृतियां जंग खाने के साथ टूट-फूट गई हैं। यही नहीं, लकड़ी व बांस से बनाए गए टेबल-कुर्सी सहित अन्य कलाकृतियां भी बेरंग हो चुकी हैं।

मई के दूसरे सप्ताह...

तथा बारहवीं में 8 हजार छात्र शामिल हुए थे। मूल्यांकन के लिए प्रदेश में 36 केंद्र बनाए गए थे। इनमें से दो केंद्र राजधानी में थे। रायपुर के दानी स्कूल तथा जेएन पांडेय विद्यालय में उत्तरपुस्तिकाएं जांची गई हैं।

कम होगी बढ़ती...

वाले नमी की वजह से रायपुर समेत मध्य और उत्तरी हिस्से में हल्की वर्षा अथवा छीटें पड़ सकते हैं, इससे तापमान में थोड़ी गिरावट होगी।

प्रमुख शहरों का तापमान

रायपुर	41.6
बिलासपुर	42.0
पेंड्रा	40.1
अंबिकापुर	40.0
जगदलपुर	40.4
दुर्ग	41.4
राजनांदगांव	42.0

शराब दुकान से बाइक...

आचार संहिता की वजह से स्टोर कर रखे थे : पुलिस के मुताबिक लोकसभा को लेकर आदर्श आचार संहिता लगी हुई है। इसके चलते पुलिस का जांच अभियान सामान्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा है। इसके चलते गोवर्धन ने अपने साथियों को चुनाव होते तक चोरी की दोपहिया को बेचने से बचने की सलाह दी थी। इसके चलते पुलिस ने चोरों के कब्जे से थोक के भाव में दोपहिया जब्ती करने में कामयाबी हासिल की है।

शराब दुकान में लॉक तोड़ते धरा गया : पुलिस के अनुसार गोकुल नगर शराब दुकान के पास सादी वर्दी में तैनात पुलिस ने गोवर्धन को एक बाइक का लॉक तोड़कर ले जाने की कोशिश करते पकड़ा। पूछताछ में गोवर्धन ने अपने अन्य साथियों के बारे में पुलिस को जानकारी दी। पुलिस के अनुसार वाहन चोरी करने वाला यह गिरोह चोरी की दोपहिया को ग्रामीण क्षेत्रों में औने-पौने दाम पर बेचते थे। साथ ही दस्तावेज मांगे जाने पर दस्तावेज गुम होने का झांसा देकर नया दस्तावेज तैयार कर देने की बात कहकर दस्तावेज देने के नाम पर घुमाते थे। साथ ही पुलिस को जानकारी मिली है कि वाहन चोर गिरोह कई दोपहिया वाहन को ओडिशा में खपा चुके हैं।

पार्किंग के अलावा...

अन्य थाना क्षेत्रों में दोपहिया वाहन चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज है, वह पूर्व में भी दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस पकड़े गए अन्य बदमाशों का पुलिस रिकार्ड खंगालने की बात कह रही है।

चुनाव ड्यूटी से गायब...

विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की है। विदित हो कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान जिले में 50 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मतदान के दिन बिना पूर्व सूचना दिए ड्यूटी से गायब हो गए थे। इन सभी की ड्यूटी मतदान केंद्रों में लगाई गई थी, जिनमें करीब 20 पीठासीन अधिकारी भी शामिल थे। प्रशासन ने इन सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के जवाब में सभी ने तबीयत खराब का हवाला दिया था। इसकी कोई मेडिकल जांच तक नहीं कराई गई थी कि वे लोग सही बोल रहे या बहाना बना रहे हैं। इस तरह सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को भविष्य में ऐसी गलती न करने की चेतावनी देकर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

स्काउट्स-गाइड छात्रों ने राहगीरों को शरबत बांटा

अभनपुर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के निर्देशानुसार व बीईओ श्रीमती धनेश्वरी साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में अभनपुर सिग्नल चौक के समीप स्थित प्याऊ घर मे स्काउट्स एवं गाइड द्वारा राहगीरो को शर्बत वितरण किया गया। इस दौरान भूपेश कुमार साहू ,यशवंत ध्रुव,जितेंद्र विश्वकर्मा, भोला राम साहू,स्काउट एवं गाइड,रोवर सदस्य उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

दिशा कॉलेज का फेयरवेल 'यादें-2024' आज

रायपुर। रामनगर कोटा स्थित दिशा कॉलेज का फेयरवेल कार्यक्रम आज आयोजित है। प्राचार्य ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि दोपहर 12 बजे से यह कार्यक्रम जोरा स्थित जोरा स्थित प्रतिष्ठा मैरिज पैलेस में होगा। इस दौरान फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स को विदाई दी जाएगी।

महाराष्ट्र मंडल में निशुल्क कैंसर जांच शिविर कल

रायपुर। बालको मेडिकल सेंटर के साथ मिलकर महाराष्ट्र मंडल रविवार को चौबे कॉलोनी स्थित मंडल भवन में सुबह 10 बजे से निशुल्क कैंसर जांच व परामर्श शिविर लगाने जा रहा है। यहां कोई भी व्यक्ति अपने पूरे शरीर की जांच करा सकते हैं और विशेषज्ञ डॉ. नुपूर मिश्रा से परामर्श लेकर अपना इलाज सही समय पर शुरू करा सकते हैं।

मंडल वाणिज्य प्रबंधक बने राकेश सिंह

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह को बनाया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर और रायपुर मंडलों में अनेक पद पर सेवाएं दे चुके हैं। पूर्व में राकेश सिंह रायपुर मंडल में सहायक परिचालन प्रबंधक, एरिया मैनेजर- भिलाई एवं स्टेशन डायरेक्टर रायपुर के पदों पर कार्यरत थे। बिलासपुर रेल मंडल में सहायक वाणिज्य प्रबंधक बिलासपुर के पद पर कार्य कर चुके हैं।

निधन

अनंत सिंह चंदेल

रायपुर। राजधानी निवासी अनंत सिंह चंदेल (85) का 26 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सत्यजीत सिंह चंदेल के पिता थे।

रामस्वरूप मिश्रा

रायपुर। पार्थिवी प्रोविन्स सरोना निवासी रामस्वरूप मिश्रा का 26 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 अप्रैल को मारवाड़ी श्मशानघाट में सुबह 10.30 बजे किया जाएगा। वे कुलदीप, अनिता त्रिवेदी, अंजलि अवस्थी, आरती द्विवेदी, अलका पांडे के पिता थे।

मलकीत सिंग धंजल

रायपुर। नहरपारा निवासी सरदार मलकीत सिंग धंजल का 26 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 अप्रैल को निवास स्थान से सुबह 11 बजे देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सेवक सिंग व मणि सिंग के भाई तथा अभिजीत सिंग धंजल के पिता थे।

न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)
फार्म 'अ'

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री राजू पटेल पिता श्री रामनारायण पटेल निवासी डी-201 हर्ष टावर देवपुरी/ म.नं. 1808/ 52 वार्ड क्रं. 52 शिव मंदिर के पास पियुष कालोनी अमलीडीह जिला रायपुर एवं कु. उर्वशी ध्रुव पिता श्री राजेश ध्रुव निवासी म.नं. 263 अंबिकापुर रोड आई.टी.आई. ग्राम मदनपुर पो. करमीटिकरा तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है ।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 22 मई, 2024 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा ।

आज दिनांक 22 अप्रैल, 2024 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया। अवधि 30 दिन से कम न हो।

मुहर

विवाह अधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

मरीजों के भटकते परिजनों को मिल रहा 'दाई कोरा' का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूरवर्ती जिलों से इलाज के लिए डीके और आंबेडकर अस्पताल आने वाले लोगों को रात बिताने दाई कोरा का सुरक्षित सहारा मिल रहा है। कुल 16 बेड की क्षमता वाले इस अस्थायी ठिकाने में रहकर सैकड़ों लोग इलाज के बाद स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं। दाईकोरा का संचालन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है। दाई कोरा में शुरुआती दौर में कुल दस बेड रखे थे, मगर बेहतर रिस्पांस मिलने पर यहां बिस्तरों की क्षमता बढ़ाकर 16 कर दी गई है। यहां डीके के साथ आंबेडकर अस्पताल से आने वाले मरीज के परिजन सुकून और सुरक्षित तरीके से साथ रात बिता पा रहे हैं। नाममात्र शुल्क में लोगों को कुछ दस्तावेज उपलब्ध कराने पर यह सुविधा आसानी से मिल रही है। दाई कोरा में महिला और पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग कक्ष बनाए गए हैं और उन्हें सुविधा के लिए बिस्तर के साथ आवश्यक सामान रखने के लिए लॉकर की सुविधा चौबीस घंटे उपलब्ध कराई जा रही है। दूर-दराज से इलाज के लिए दो बड़े सरकारी अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों की परेशानी तब और बढ़ जाती है, जब उन्हें विभिन्न तरह की शारीरिक जांच की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए एक- दो दिन यहां रुकना पड़ता है। आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने और अस्पतालों में रात बिताने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने की वजह से उन्हें काफी दिक्कतें होती हैं, ऐसे लोगों के लिए दाई कोरा सुरक्षित ठिकाना बना हुआ है।

कुल 16 बेड की क्षमता, रात बिताने सस्ते में मिल रहा सुरक्षित ठिकाना

अस्पताल भवन के ऊपर ठिकाना

डीके अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के दो अटेंडरों के लिए भवन के ऊपरी हिस्से में रहने की व्यवस्था की गई है। अटेंडरों की संख्या जब ज्यादा हो जाती है, तो सुरक्षागत कारणों से उन्हें रोक दिया जाता है। वहीं आंबेडकर अस्पताल में अटेंडरों के लिए सुविधा नहीं है, उन्हें अस्पताल में वार्ड के बाहर बरामदे में अपना वक्त गुजारना पड़ता है।



दान में मिली राशि से

राजधानी में रहने वाले एक परिवार द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सेवा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग को एक बड़ी राशि उपलब्ध कराई गई थी। काफी विचार मंथन के बाद जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के पिछले हिस्से में एक भवन का निर्माण कराकर वहां अस्थायी रूप से ठहरने वालों को मूलभूत सुविधा प्रदान की गई। निर्माण के बाद करीब तीन साल पहले दाई कोरा नाम देकर इसका लोकार्पण कराया गया था।

पहले के बनाये नियमों का पालन नहीं, अब और नया प्रयोग किसलिए

सदरबाजार, मालवीय रोड में चारपहिया वाहन प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव, विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सदर बाजार एवं मालवीय रोड में चारपहिया वाहन प्रतिबंधित करने के प्रस्ताव के विरोध में व्यापारी उतर आए हैं। व्यापारी इस बात को लेकर नाखुश हैं कि यह एरिया एक प्रकार से प्रयोगधर्मी अधिकारियों का ठिकाना बन गया है। पहले जो प्रयोग हुए वह भी जिला प्रशासन व निगम ने ही बनाए थे, लेकिन अपनी ही बनाई व्यवस्था को बनाए रखने में वे असफल रहे। सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया था और यह व्यवस्था आज तक निरंतर जारी है, किंतु यातायात पुलिस की उपस्थिति नहीं रहने से यह व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।

सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व संगठन स्तर की रैली या जुलूस इस मार्ग से नहीं निकलेगा कहा गया था, यह भी नहीं हो पाया है। व्यापारियों का कहना है, वास्तविकता ये है कि आसपास के मार्गों का यातायात डायवर्ट करने के कारण इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनती है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी को पत्र लिखकर इस प्रकार के किसी निर्णय पर रोक लगाने की मांग की है। श्री मालू ने कहा, मालवीय रोड एवं सदर बाजार शहर का हृदय स्थल एवं प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है। इस प्रकार के प्रयोग से आम जनता, व्यापारियों एवं अन्य सभी वर्ग को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले जब सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया और नियमित यातायात सिपाहियों की ड्यूटी लगती थी, तब तो कभी भी यहां जाम की स्थिति नहीं बनी। व्यापारी, ग्राहक सभी एक दूसरे को नियमों का पालन करने के लिए सहयोग करते हैं। कुछ निजी पार्किंग भी बन गई है, जहां वाहन पार्क किए जाते हैं। श्री मालू ने बताया, पूर्व में जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया था कि जयस्तंभ के सराउंडिंग क्षेत्र जो कि व्यावसायिक क्षेत्र है, इसमें सभी प्रकार के राजनीतिक धार्मिक सामाजिक जुलूसों पर प्रतिबंध रहेगा, किंतु कुछ समय से इसकी अनदेखी जारी है एवं प्रशासन द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी के साथ रायपुर जिलाधीश व रायपुर पुलिस अधीक्षक को संबंधित पत्र की प्रति भेजकर उस प्रस्ताव को लागू नहीं करने की मांग की है।

मालवीय रोड व्यापारी संघ का भी विरोध

मालवीय रोड, शारदा चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष तरल मोदी और महामंत्री राजेश वासवानी ने भी प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा, मालवीय रोड सड़क की चौड़ाई सामान्य तौर से भी ज्यादा है। यहां पर ट्रैफिक की व्यवस्था, ऑटो, फुटपाथ पर लगने वाली दुकानें आम, आइसक्रीम के ठेले और जो दुकानदार अपनी सीमा रेखा से बाहर सामान लगाते हैं, उनके कारण समस्या होती है। मालवीय रोड व्यापारी संघ नगर निगम और पुलिस प्रशासन को कई बार आवेदन दे चुका है, इन दुकानदारों पर कार्रवाई करें जो अपना सामान फैलाकर रखते हैं। पिछले चार से पांच सालों में नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने कोई भी कार्रवाई नहीं की है। मालवीय रोड में डिवाइडर बनने के बाद आने और जाने वालों के रास्ते अलग-अलग हैं और कार बैन से कोई फायदा नहीं होने वाला है, उल्टा यहां के व्यापारियों का रोजगार खत्म हो जाएगा।

स्वास्थ्य सहायता योजना, फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर होगा प्रतिदिन भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत उपचार की लंबित राशि का भुगतान अब फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर किया जाएगा। लगातार उठ रहे नाराजगी के स्वर के बीच भुगतान प्रकरणों पर निजी अस्पताल के प्रतिनिधियों से स्टेट नोडल एजेंसी के अफसरों ने चर्चा की। स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों द्वारा किए गए निशुल्क उपचार की लंबित राशि को लेकर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। इस बीच शुक्रवार को संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्टेट नोडल एजेंसी के सीईओ ऋतुराज रघुवंशी सहित अन्य अधिकारियों ने निजी अस्पताल से जुड़े प्रतिनिधियों से चर्चा की। इस दौरान उन्हें बताया गया कि योजना की प्रक्रिया आसान हो सके इसका ध्यान रखा जा रहा है। मरीजों के क्लेम प्रोसेसिंग रिजेक्शन एवं अन्य तकनीकी विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। अफसरों ने बताया कि लंबित राशि का भुगतान शीघ्र किए जाने की तैयारी है। इस दौरान क्लेम से संबंधित मामलों का निराकरण जिला और राज्य स्तर की शिकायत निवारण समिति द्वारा निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

50 हजार से 5 लाख तक इलाज

गरीब और जरूरतमंद लोगों को अच्छे एवं आधुनिक अस्पतालों में ईलाज की सुविधा आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना का संचालन किया जा रहा है। राशन कार्ड की श्रेणी के आधार पर हितग्राहियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड के जरिए हर 50 हजार से 5 लाख रूपए तक निःशुल्क इलाज प्रदान किया जा रहा है।

2153 करोड़ का क्लेम

वर्ष 2023-24 में 2 हजार एक सौ 53 करोड़ रुपए के 15.65 लाख क्लेम के माध्यम से हितग्राहियों द्वारा उपचार लाभ प्राप्त किया जा चुका है। आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने हितग्राहियों को यूनिक पंजीयन क्रमांक युक्त एक स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जा रहा है। राज्य के 2.17 करोड़ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जा चुका है। इसमें शासकीय और निजी मिलाकर कुल 1 हजार 5 सौ 79 अस्पताल पंजीकृत हैं।

ब्लास्ट से घायल श्रमिकों का हालचाल जानने पहुंचे राजस्व मंत्री वर्मा

रायपुर। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने शुक्रवार को राजधानी के नारायणा अस्पताल पहुंचकर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के रवान स्थित अम्बुजा सीमेंट प्लांट के माइंस में सिलेंडर फटने से घायल श्रमिकों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। आज सुबह अंबुजा सीमेंट संयंत्र के माइंस वर्कशॉप में लाइमस्टोन डम्पर रियर सस्पेंसन में काम करते समय ब्लास्ट हो गया। इस ब्लास्ट से छह लोग झुलसे। इन सभी को इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया है। मंत्री श्री वर्मा ने अस्पताल पहुंचकर घायल श्रमिकों राकेश कुमार वर्मा, घमंड ठाकुर शंकर गावडा, सतीश पोटपोड़े, शाहिद शेख और नरेश स्वैन से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों को श्रमिकों के बेहतर इलाज के लिए कहा।

पेज 9 के शेष

गंगरेल से पानी रुका...

थी। आयुक्त ने इस मामले में संबंधित अधिकारियों से चर्चा करने के बाद काठाडीह और मुर्रा गांव में बने दोनों एनीकेट के गेट खुलवा दिए हैं। इन दोनों एनीकेट का पानी अब फिल्टर प्लांट के एनीकेट पहुंचेगा, जिससे शहर में शनिवार तक पानी की सप्लाई सामान्य हो जाएगी।

गढ़कलेवा की सूरत...

से गढ़कलेवा का रखरखाव नहीं होने से इसकी सूरत बिगड़ने लगी है। यहां बस्तर की कलाकृतियों से बने कॉटेज व अन्य कलाकृतियां जंग खाने के साथ टूट-फूट गई हैं। यही नहीं, लकड़ी व बांस से बनाए गए टेबल-कुर्सी सहित अन्य कलाकृतियां भी बेरंग हो चुकी हैं।

मई के दूसरे सप्ताह...

तथा बारहवीं में 8 हजार छात्र शामिल हुए थे। मूल्यांकन के लिए प्रदेश में 36 केंद्र बनाए गए थे। इनमें से दो केंद्र राजधानी में थे। रायपुर के दानी स्कूल तथा जेएन पांडेय विद्यालय में उत्तरपुस्तिकाएं जांची गई हैं।

कम होगी बढ़ती...

वाले नमी की वजह से रायपुर समेत मध्य और उत्तरी हिस्से में हल्की वर्षा अथवा छीटें पड़ सकते हैं, इससे तापमान में थोड़ी गिरावट होगी।

शराब दुकान से बाइक...

आचार संहिता की वजह से स्टोर कर रखे थे : पुलिस के मुताबिक लोकसभा को लेकर आदर्श आचार संहिता लगी हुई है। इसके चलते पुलिस का जांच अभियान सामान्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा है। इसके चलते गोवर्धन ने अपने साथियों को चुनाव होते तक चोरी की दोपहिया को बेचने से बचने की सलाह दी थी। इसके चलते पुलिस ने चोरों के कब्जे से थोक के भाव में दोपहिया जब्ती करने में कामयाबी हासिल की है।

शराब दुकान में लॉक तोड़ते धरा गया : पुलिस के अनुसार गोकुल नगर शराब दुकान के पास सादी वर्दी में तैनात पुलिस ने गोवर्धन को एक बाइक का लॉक तोड़कर ले जाने की कोशिश करते पकड़ा। पूछताछ में गोवर्धन ने अपने अन्य साथियों के बारे में पुलिस को जानकारी दी। पुलिस के अनुसार वाहन चोरी करने वाला यह गिरोह चोरी की दोपहिया को ग्रामीण क्षेत्रों में औने-पौने दाम पर बेचते थे। साथ ही दस्तावेज मांगे जाने पर दस्तावेज गुम होने का झांसा देकर नया दस्तावेज तैयार कर देने की बात कहकर दस्तावेज देने के नाम पर घुमाते थे। साथ ही पुलिस को जानकारी मिली है कि वाहन चोर गिरोह कई दोपहिया वाहन को ओडिशा में खपा चुके हैं।

पार्किंग के अलावा...

अन्य थाना क्षेत्रों में दोपहिया वाहन चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज है, वह पूर्व में भी दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस पकड़े गए अन्य बदमाशों का पुलिस रिकार्ड खंगालने की बात कह रही है।

चुनाव ड्यूटी से गायब...

विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की है। विदित हो कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान जिले में 50 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मतदान के दिन बिना पूर्व सूचना दिए ड्यूटी से गायब हो गए थे। इन सभी की ड्यूटी मतदान केंद्रों में लगाई गई थी, जिनमें करीब 20 पीठासीन अधिकारी भी शामिल थे। प्रशासन ने इन सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के जवाब में सभी ने तबीयत खराब का हवाला दिया था। इसकी कोई मेडिकल जांच तक नहीं कराई गई थी कि वे लोग सही बोल रहे या बहाना बना रहे हैं। इस तरह सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को भविष्य में ऐसी गलती न करने की चेतावनी देकर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

शोभायात्रा में विवाद, अखाड़े में बुलाकर एक गुट के लड़कों के साथ चाकू-डंडे से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में शोभायात्रा के विवाद पर एक गुट ने दूसरे गुट के लड़कों को चुनौती देकर बैजनाथपारा अखाड़ा में बुलाकर जमकर मारपीट की। मारपीट में दो से तीन लड़कों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के मुताबिक नागेश्वर यादव की शिकायत पर साहिल, अशरफ, इमरान तथा गोलू को गिरफ्तार किया गया है। नागेश्वर ने पुलिस को बताया है कि राम मंदिर के पास उनकी चाय-नाश्ते की दुकान है। रामनवमी शोभायात्रा के दौरान उसका कुछ लड़कों के साथ विवाद हो गया। इसके बाद 25 अप्रैल को साहिल ने नागेश्वर के एक दोस्त को कॉल किया। साहिल ने नागेश्वर के दोस्त को धमकी भरे अंदाज में कहा कि तुम लोग बड़े तेज बनते हो, दम है तो बैजनाथपारा अखाड़ा में आकर दिखाओ। इसके बाद नागेश्वर अपने दोस्त संकेत टांडी, मनोहर सिंह तथा अजीत फूंडे के साथ अखाड़ा पहुंचा।

- घटना के दूसरे दिन पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया

अखाड़े में चाकू के साथ जमकर डंडे चले

नागेश्वर ने पुलिस को बताया कि अखाड़ा में बुलाने के बाद साहिल ने अपने अन्य साथियों के साथ उन लोगों के साथ विवाद किया। इसी दौरान साहिल तथा उसके दोस्तों ने उन लोगों को डंडे से पीटने के साथ चाकू से हमला किया। मारपीट की घटना में नागेश्वर तथा उसके साथियों को गंभीर चोटें आई हैं।

खबर संक्षेप

गृहमंत्री शाह का किया स्वागत

रायपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का माना विमानतल पर सीएसआईडीसी के पूर्व अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा, सत्यम दुआ, आकाश विग, अमित मैसरी, दिलीप सारथी ने स्वागत-अभिनंदन किया।

साय ने जताया आभार

रायपुर। लोकसभा चुनाव के अंतर्गत शुक्रवार को द्वितीय चरण में छत्तीसगढ़ की 3 सीटों राजनांदगांव, महासमुंद, कांकेर सहित देश की 88 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ। जिस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मतदाताओं का आभार जताया है। अपने संदेश में सीएम साय ने कहा कि - लोकसभा चुनाव-2024 के अंतर्गत द्वितीय चरण का मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

पीएससी की सीबीआई जांच से मिलेगा न्याय

रायपुर। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नवगठित सरकार ने भी पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ी और युवाओं की शिकायत के मद्देनजर 3 जनवरी 2024 कैबिनेट बैठक में इस मामले की सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया था। राज्य सरकार की सहमति मिलने के बाद केन्द्र सरकार ने जांच के लिए अधिसूचना जारी कर यह मामला अब सीबीआई के सुपुर्द कर दिया है।

आचार संहिता में मेला, निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत

रायपुर। राजधानी रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय बसस्टैंड के पास रावणभाठा दशहरा-खेल मैदान में 24 अप्रैल से मेले का आयोजन किया जा रहा है। आचार संहिता के दौरान इस मेले को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शिकायत की गई है। तीसरे चरण में रायपुर में भी 7 मई को मतदान होना है। सूत्रों के अनुसार यह शिकायत भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा ने की है।

पहली बार गले के रास्ते दिल तक पहुंचकर लगाया तैरता हुआ पेसमेकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल से संबंधित एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में महिला के गले के रास्ते दिल तक पहुंचकर चिकित्सकों ने तैरता हुआ पेसमेकर लगाया।

महिला जन्मजात एब्स्टीन एनामली नामक बीमारी से पीड़ित थी। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूरी की गई इंटरवेंशन प्रोसीजर के बाद महिला को इस बीमारी से राहत मिल गई। तीस वर्षीय महिला इस बीमारी से पीड़ित होने के कारण पहले ही वॉल्व रिप्लेसमेंट की सर्जिकल प्रक्रिया से गुजर चुकी थी। इसके साथ ही उसे प्री एक्लेम्पसिया की समस्या थी और हार्ट पूरी तरह ब्लॉकेज हो चुका था। विभिन्न जटिलताओं के कारण मरीज को सामान्य पेसमेकर लगाना संभव नहीं था, इसलिए गर्दन की नस (जुगलर वेन) के रास्ते दिल में तैरने वाला पेसमेकर लगाकर जान बचाई गई। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व में पैर की नस के रास्ते लीडलेस पेसमेकर लगाया जा चुका है, लेकिन गले की नस के रास्ते लीडलेस पेसमेकर लगाने का देश एवं राज्य का संभवतः यह पहला केस है। महिला का उपचार स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत निशुल्क हुआ। महिला मरीज उपचार के लिए जब एसीआई पहुंची, तो उसका हृदय पूरी तरह ब्लाक हो चुका था। विभिन्न जांच के बाद चिकित्सकों ने लीडलेस पेसमेकर लगाने की चुनौती स्वीकार की गई। इस केस में डॉ. स्मित श्रीवास्तव का साथ डॉ. कुणाल ओस्तवाल, डॉ. शिव कुमार शर्मा, डॉ. प्रतीक गुप्ता, कैथलैब टेक्नीशियन आईपी वर्मा, नर्सिंग स्टॉफ नीलिमा शर्मा, गौरी, रौशनी, वंदना, डिगेन्द्र, खेम, पूनम, महेन्द्र ने दिया।

एसीआई के कार्डियोलॉजी प्रमुख ने पूरा किया इंटरवेंशन प्रोसीजर

- जन्मजात एब्स्टीन एनामली बीमारी से पीड़ित महिला को मिली राहत

क्यों होती है बीमारी

एब्सटिन एनामली एक जन्मजात हृदय रोग है। भ्रूणावस्था के पहले 6 सप्ताह में बच्चे के दिल का विकास होता है। इसी विकास के चरण में बाधा आने पर बच्चे का हृदय असामान्य हो जाता है। इस बीमारी में मरीज के हृदय का ट्राइकस्पिड वाल्व ठीक से नहीं बन पाता और यह अपनी जगह न होकर दायें निलय की तरफ चला जाता है, जिसके कारण दायां निलय ठीक से विकसित नहीं हो पाता, जिसको एट्रियालाइजेशन का राइट वेंट्रीकल कहा जाता है।

प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा

साव बोले- सुप्रीम कोर्ट ने भी ईवीएम पर फैसला सुना दिया अब कांग्रेस के पास हार के लिए कोई बहाना नहीं बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, अब तो सुप्रीम कोर्ट ने भी ईवीएम पर फैसला सुना दिया है। अब कांग्रेस के पास हार के लिए कोई बहाना नहीं बचा है। आज तक एंटी इंकमबेंसी जनता ने सुनी थी, प्रो. इंकमबेंसी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धि है। आज के मतदान से स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में शून्य पर आउट होने वाली है।

श्री साव ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के पूर्ण हुए मतदान के बाद भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, बस्तर के बाद अब कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद लोकसभा की जनता-जनार्दन ने पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है। श्री साव ने कहा, शुक्रवार को मतदान के दूसरे चरण में मतदान का प्रतिशत भाजपा के लिए काफी उत्साहजनक हैं और भाजपा का यह विश्वास फलीभूत होने जा रहा है कि प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है।

प्रचंड मतों से जीतेगी भाजपा

श्री साव ने कहा, पहले और दूसरे चरण के रूझान से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में मतदान के तीसरे और अंतिम चरण में कार्यकर्ता और अधिक उत्साह के साथ भाजपा के पक्ष में अभूतपूर्व जनसमर्थन जुटाएंगे और दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा, जांजगीर-चाँपा और कोरबा में भी भाजपा की ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखेंगे और छत्तीसगढ़ की सभी सीटों पर भाजपा प्रचंड मतों से विजयी होगी। नक्सलवाद के दंश से लहूलुहान बस्तर संभाग के कांकेर संसदीय क्षेत्र के साथ ही राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की जनता ने एक ओर जहां अब छत्तीसगढ़ को कांग्रेसमुक्त राज्य बनाने के अभियान को आगे बढ़ाया है।

अलका ने किया दावा- देश में भाजपा की कोई लहर नहीं

रायपुर। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्टार प्रचारक अलका लांबा ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में पूरे देश में भाजपा की कहीं कोई लहर नहीं है। राजधानी रायपुर में मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने ये बात कही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पांच न्याय और 25 गारंटी पर यह चुनाव लड़ रही है। पांच न्याय नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, श्रमिक मजदूर न्याय, हिस्सेदारी भागीदारी न्याय जैसे पांच न्याय और 25 गारंटी जैसे कांग्रेस मैदान में है। उन्होंने कहा कि आप का एक वोट देश को संविधान बचाने के लिये है। एक कीमती वोट देश के लोकतंत्र को बचाने के लिये है। जो हक अधिकारो को संविधान में दिये गये है और लोकतंत्र की आवाजो को जिसको देश में बैठकर एक तानाशाह सरकार कुचल रही है उसे हमे बचाना है। भाजपा का 400 सीटों का दावा खोखला साबित हो रहा है। 10 साल कुशासन के, 10 साल अन्याय काल के, 10 साल तानाशाही के गुजरे। ये चुनाव देश का चुनाव है, यह मुद्दे राष्ट्रीय मुद्दे हैं।

बैज बोले- पहले और दूसरे चरण की चारों सीटें कांग्रेस जीत रही

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, पहले चरण और दूसरे चरण के मतदान के बाद मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं का रूझान कांग्रेस के प्रति साफ दिखा। भीषण गर्मी में लोग बदलाव करने के लिए घरों से निकल कर वोट डालने आए। छत्तीसगढ़ में अभी तक हुए चारों लोकसभा सीटों में कांग्रेस पार्टी प्रचंड मतों से जीत रही है। आज हुए मतदान में राजनांदगांव से भूपेश बघेल, महासमुंद से ताम्रध्वज साहू, कांकेर से बीरेश ठाकुर चुनाव जीत रहे हैं। श्री बैज ने कहा, पहले और दूसरे चरण के बाद कांग्रेस पार्टी का पूरा फोकस तीसरे चरण की 7 सीटों पर है। तीसरे चरण की सातों सीटों में भी कांग्रेस के उम्मीदवारों के पक्ष में बेहतर माहौल दिख रहा है।

भाजपा की दिखी गुंडागर्दी: सुशील

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में सरकार के संरक्षण में भाजपा ने गुंडागर्दी कर चुनाव में बाधा पहुंचाने का काम किया। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के साथ बूथ पर अभद्रता करने की कोशिश किया। भाजपा राजनांदगांव में हार को देखकर बौखला गई तथा उसने सारी लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया था। इसके बावजूद राजनांदगांव की जनता ने भूपेश बघेल के पक्ष में जमकर मतदान किया है।

आरबीआई ने बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक को लगाया एक लाख का जुर्माना

रायपुर। भारतीय रिज़र्व बैंक ने बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, बिलासपुर पर नियमों का पालन न करने पर एक लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। आरबीआई के मुताबिक बैंक का वैधानिक निरीक्षण आरबीआई द्वारा 31 मार्च, 2022 को उसकी वित्तीय स्थिति के संदर्भ में किया गया था। आरबीआई के निर्देशों और उस संबंध में संबंधित पत्राचार के गैर-अनुपालन के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर, बैंक को सलाह देते हुए एक नोटिस जारी किया गया था। यह कारण बताने के लिए कि उक्त निर्देशों का पालन करने में विफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए। नोटिस पर बैंक के जवाब पर विचार करने के बाद, आरबीआई ने अन्य बातों के साथ-साथ पाया कि विवेकपूर्ण अंतर-बैंक (सकल) एक्सपोजर सीमा का पालन न करने का आरोप कायम था, जिससे मौद्रिक जुर्माना लगाना जरूरी हो गया था।

बिजनेस साइट

संजीवनी कैंसर फाउंडेशन का कैंसर जागरूकता कार्यक्रम

रायपुर। संजीवनी कैंसर फाउंडेशन द्वारा शंकराचार्य कॉलेज रायपुर में विद्यार्थियों के लिए कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शंकराचार्य रायपुर चेयरमैन निशांत त्रिपाठी, डॉ. प्रांजलि शर्मा, तोषण सिंग राठौर, संजीवनी फाउंडेशन से मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. राकेश मिश्रा व नीलांबर पटेल उपस्थित थे। शंकराचार्य कॉलेज के समस्त विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर कैंसर से जुड़े मिथकों और तथ्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। डॉ. राकेश मिश्रा ने कैंसर से जुड़े मिथकों के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि कैंसर हमारे पूरे शरीर में कहीं भी हो सकता है और किसी को भी हो सकता है। प्रथम स्टेज में पता चलने पर अधिकतर मामलों में कैंसर को ठीक किया जा सकता है।

दूसरी, तीसरी, और चौथी स्टेज के कैंसर के मामलों में भी कैंसर को काबू एवं ठीक किया जा सकता है। खासकर सही समय पर पता चलने से कैंसर को जड़ से भी ठीक किया जा सकता है।

धान संग्रहण के लिए कृषि विवि को राष्ट्रीय अवार्ड

रायपुर। 59वें राष्ट्रीय धान कार्यशाला में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को धान के जर्मप्लाज्म, संग्रहण, संरक्षण और इनका प्रजनक कार्यक्रम में बेहतर उपयोग के लिए विशेष अवार्ड से कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विभाग अध्यक्ष पौध प्रजनन विभाग डॉ. दीपक शर्मा और समस्त धान वैज्ञानिक धान अनुसंधान को सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य है कि विश्वविद्यालय में धान का विश्व में दूसरा सबसे बड़ा 23250 धान के किस्मों का संग्रहण मौजूद है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के सहयोग से पौधा किस्म संरक्षण और किसान अधिकार प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा किसानों को भारत में दूसरा सबसे ज्यादा किस्मों के पंजीकरण सर्टिफिकेट मिल चुका है। विश्वविद्यालय द्वारा धान की नई किस्मों का विकास उत्परिवर्तन प्रजनक विधि, स्पीड ब्रीडिंग और स्मार्ट ब्रीडिंग में जर्मप्लाज्म के बेहतर उपयोग द्वारा नई किस्मों का विकास किया जा रहा है। वर्तमान में धान के जनन द्रव्य से प्रथम औषधीय धान किस्म, जो मानव शरीर के लिए रोग प्रतिरोधक व कैंसर के लिए काफी मददगार है।

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

बच्चों में फायरलेस कुकिंग ...

कैंपस इवेंट

एनआईटी ने 94 विद्यार्थियों को दी 10 हजार डॉलर की छात्रवृत्ति

रायपुर। एनआईटी ने 94 छात्रों को दस हजार अमेरिक डॉलर की छात्रवृत्ति प्रदान की है। एनआईटी के पूर्व छात्र डॉ. हरि हबलानी ने अपने अभिभावकों की स्मृति में यह छात्रवृत्ति छात्रों को प्रदान की है। डॉ. हरि ने एनआईटी में बीई करने के बाद मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कार्य प्रारंभ किया। आईआईएससी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में अध्ययन करने के अलावा नासा में एक वैमानिकी इंजीनियर के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं। उनके परिवार की उपस्थिति में शुक्रवार को एक इंटरैक्टिव सत्र का भी आयोजन किया। एनआईटी के डॉ. जैन ने संस्थान और छात्रों की उन्नति के लिए उनके अमूल्य समय और वित्तीय सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए पौधों के साथ सभी का स्वागत किया।

शिक्षा से ही राष्ट्र का व्यापक हित

डॉ. हरि हबलानी ने कहा, शिक्षा राष्ट्र के व्यापक हित में काम करती है। उन्होंने इंजीनियरों को राष्ट्र की रीढ़ बताया और छात्रों से समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया। छात्रों को अपने जुनून को लगातार आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में एक सक्रिय प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। छात्रों ने इसमें कॅरियर से जुड़े कई तरह के सवाल पूछे। पढ़ाई सहित अन्य क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों का चुनाव इस स्कॉलरशिप के माध्यम से किया गया। विभिन्न संकाय सदस्य इस दौरान उपस्थित रहे।

लाइव इवेंट

बच्चे निशुल्क सीख सकेंगे तबला, पियानो और आर्गन

रायपुर। विकास परिषद द्वारा संचालित नूतन उच्चतर माध्यमिक शाला में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप का मुख्य उद्देश्य मनोरंजन के साथ बच्चों का व्यक्ति विकास करना है। शहर स्थित टिकरापारा शाला में आयोजित समर कैंप की शुरुआत 1 मई से होगी, जो निरंतर 10 जून तक संचालित की जाएगी। यह केवल स्कूली बच्चों के लिए आयोजित की जा रही है। सुबह 8 बजे से 10:30 बजे तक रोजाना कक्षाएं आयोजित की जाएगी।

बच्चों के लिए 8 से अधिक एक्टिविटी

समर कैंप में विभिन्न एक्टिविटी संचालित की जाएगी, जिसमें तबला वादन, पियानो, हारमोनियम, आर्गन और छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत का प्रशिक्षण दिया जाएगा। नृत्य कला के अंतर्गत क्लासिकल, कंटेमपरेरी और प्रादेशिक नृत्य की शिक्षा दी जाएगी। हस्तकला में ज्वेलरी, पेपर वर्क, क्राफ्ट, जूट वर्क, कुशन वर्क सिखाया जाएगा। इसमें कढ़ाई, मेंहदी, पेंटिंग व ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 62604-49398 पर संपर्क कर सकते हैं।

गजलों को बढ़ावा देने संगीत सभा

गुनरस पिया फाउंडेशन द्वारा संचालित 'महफिल' की संगीत सभा 27 अप्रैल शाम 5 बजे से छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस के बूढ़ापारा, रायपुर स्थित कार्यालय में आयोजित है। इस बार कलाकारों द्वारा फिल्मी गजल पेश किए जाएंगे। संस्था द्वारा गजलों को बढ़ावा देने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है। श्रोताओं के लिए इसमें निशुल्क प्रवेश की व्यवस्था है।

सिटी इवेंट

व्यापारियों ने जाना कैसे करें जीएसटी रिटर्न फाइल

रायपुर। राज्य कर जीएसटी विभाग सिविल लाइंस ने व्यवसायियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान व्यापारियों की समस्याएं सुनी गई और समाधान बताया गया। कार्यशाला में उपायुक्त अंजू कुमार, राज्य कर अधिकारी रवि कुमार, एलपी जोशी, विकास चौबे, राज्य कर निरीक्षक निशांत तिवारी एवं रजनीकांत यदु ने व्यापारियों को जीएसटी रिटर्न फाइल करने संबंधी समस्या, पंजीयन, अतिरिक्त व्यवसाय स्थान को जीएसटी में जोड़ना, गोडाउन संबंधी बात एवं जीएसटी से संबंधित विभिन्न नोटिस का समय पूर्वक जवाब देना इत्यादि के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में व्यापारियों को व्यापार करने में सहयोग देने और उनके व्यापार को करने में सरल सुगम माध्यम देने की बात कही गई।

फोन नंबर से ले सकेंगे जानकारी

कार्यक्रम में पहुंचे सभी अधिकारियों ने अपने-अपने मोबाइल नंबर साझा किए, ताकि कोई भी समस्या होने पर जानकारी ली जा सके। इसके अलावा अधिकारियों द्वारा इस तरह की मीटिंग माह में एक शुक्रवार को ली जाएगी, जिससे कि जीएसटी कार्य सुचारू रूप से क्रियान्वित किया जा सके। फूट वेयर एसोसिएशन डूमरतराई के अध्यक्ष तनेश आहूजा सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी समस्याएं साझा की और उनके समाधान प्राप्त किए।

● 8 घंटे में 15 बार सप्तशती पाठ, मंत्रोच्चार के मध्य 25 आचार्यों ने पूर्ण किया विधान

तड़के 4 बजे प्रारंभ हुआ अनुष्ठान, 10:50 पर स्थापित हुई नई प्रतिमा

यह 5 क्विंटल वजनी, 4 हजार साल पुराने ब्लैक स्टोन से निर्मित

"बैसाख कृष्ण प्रतिपदा तिथि में आकाशवाणी तिराहा स्थित मां महाकाली मंदिर में 92 साल पुरानी मूर्ति के स्थान पर नवीन प्रतिमा का विग्रह तृतीया तिथि व मिथुन लग्न में शुक्रवार को किया गया। इसके लिए विधि-विधान से प्रातः 4 बजे संत-महंतों व नागा साधुओं की मौजूदगी में पूजन प्रारंभ कर दिया गया।

रायपुर। सुबह 11 बजे तक 15 बार सप्तशती पाठ व मंत्रोच्चार किया गया। वेदी पूजन के साथ ही माता के नव विग्रह व पहले से स्थापित रही मूर्ति को स्नान कराने और साज-श्रृंगार के बाद हवन किया गया। इसके बाद माता की पुरानी मूर्ति का स्थान परिवर्तन मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ विधान का पालन करते हुए किया गया। माता की नई प्रतिमा की स्थापना पूर्व स्थापित मूर्ति के स्थल पर की गई। जैसे ही घड़ी ने 10:50 का संकेत दिया, वैसे ही माता के नव विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा मिथुन लग्न में मंत्रोच्चार करते हुए महज 5 मिनट में किया गया। इस विधान को मंत्रोच्चार के साथ करते हुए माता की पुरानी मूर्ति को पर्दा करते हुए हवन की गई हांडी में रखा गया। अब इसका विधिपूर्वक विसर्जन किया जाएगा। प्रतिमा का विसर्जन गंगा सागर में किए जाने की तैयारी है। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय अभी तक नहीं हो सका है। ओडिशा की गहरी खदान से निकालकर जिस ब्लैक स्टोन से नई प्रतिमा बनाई गई है, वह 4000 साल से भी ज्यादा पुरानी है। 30 क्विंटल के एक ही पत्थर को तराश कर इसे बनाया गया है। पत्थर को तराशने के बाद निर्मित प्रतिमा का वजन लगभग 5 क्विंटल है।

पहली आरती का हिस्सा बनने परिवार के साथ पहुंचे श्रद्धालु

मंदिर में सुबह 4 बजे जब प्राण-प्रतिष्ठा का विधान शुरु किया गया, तब संत-महंतों के अलावा सीमित भक्त परिवार ही शामिल होने के लिए पहुंचे थे। जैसे-जैसे स्थापना की घड़ी नजदीक आ रही थी, माता की नव प्रतिमा की एक झलक पाने के लिए भक्तों की संख्या भी बढ़ने लगी। 10:30 बजे मंदिर में भक्त इसलिए लिहाज से भी पहुंचे, ताकि वे माता के नव विग्रह की पहली आरती का लाभ ले सकें। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद करीब एक घंटे तक आरती-पूजन के बाद पट बंद किए गए। शाम को भी भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ी, वे धर्मसभा में भी शामिल हुए।

निर्णय के बाद करेंगे विसर्जन

स्थापना में जगद्गुरु रामानुजाचार्य, स्वामी वासुदेवाचार्य, विद्या भास्कर महाराज, स्वामी ब्रह्मा विद्यानंद सरस्वती, महंत डॉ. रामसुंदर दास भी शामिल हुए। इनके मार्ग-दर्शन में माता के पुराने विग्रह का स्थान परिवर्तन किया गया। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश कलश ने बताया कि 28 अप्रैल को तय किया जाएगा कि माता की जीर्ण मूर्ति को विसर्जन के लिए किस पावन सरिता में जल प्रक्षेपण कराया जाए। संत-महंतों व नागा-साधुओं से इसके लिए रायशुमारी की जाएगी। उनके मार्गदर्शन में मूर्ति को सरिता में विसर्जित किया जाएगा।

आज रुद्राभिषेक व भजन संध्या

मंदिर के सचिव डॉ. डीके दुबे ने बताया कि शनिवार को पूजन, यज्ञ के बाद रुद्राभिषेक व सप्तसति पाठ का समापन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं शाम 7 बजे मुंबई के भजन गायक राजेश मिश्रा अपने ग्रुप के साथ भजन संध्या में प्रस्तुति देंगे। इसमें दिल्ली और इंदौर के भजन गायक भी शिरकत करने वाले हैं। गीत-संगीत का दौर रात 11 बजे तक चलेगा। इसमें होने वाली श्रोताओं की भीड़ को देखते हुए शासन-प्रशासन को व्यवस्था में सहयोग के लिए आग्रह किया गया है।

धर्म सभा में दी धार्मिक प्रसंगों की जानकारी

धर्म सभा में नागा संत बलरामपुरी महाराज ने यादें साझा करते हुए कहा कि इसके पहले शैलेंद्र नगर स्थित शिव निहाल मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए 2006 में आया था। इसके बाद दूसरा अवसर माता के नव विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मिला। इस बार भी अनुष्ठान के लिए ही आना हुआ। उन्होंने कई धार्मिक प्रसंगों की जानकारी धर्म सभा में दी। इसमें शामिल होने के लिए शहर के लोग भी सैकड़ों की तादाद में पहुंचे। संत-महंतों ने श्रीमद् भागवत व रामायण के प्रसंगों का भी जिक्र किया।

दो साल से पीड़ित थी, हृदय या न्यूरो की बीमारी का था खतरा

रीनल हाईपरटेंशन रोगी का पहला ट्रांसप्लांट, लाडली को मां ने दी किडनी

रायपुर। अंग प्रत्यारोपण करने वाली एकमात्र शासकीय संस्था एम्स में पहली बार रीनल हाईपरटेंशन से पीड़ित युवती का सफलता पूर्वक ट्रांसप्लांट किया गया। 25 साल की लाडली को मां ने अपनी एक किडनी प्रदान की। दो साल से इस समस्या से पीड़ित युवती को तत्काल प्रत्यारोपण की आवश्यकता थी नहीं तो उसे हृदय अथवा न्यूरो से संबंधित बीमारी का खतरा था। लाइव के साथ ब्रेनडेड मरीजों से मिले अंग प्रत्यारोपण में शासकीय स्तर पर एम्स अग्रणी संस्थान बन चुका है। चिकित्सकों के अनुसार कोरबा में रहने वाली 25 वर्षीय युवती किडनी के सामान्य रूप से काम नहीं करने की शिकायत लेकर एम्स में दाखिल हुई थी।

जांच के दौरान पता चला कि वह पिछले दो साल से इस समस्या से पीड़ित है और उसे तुरंत किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता है। प्रारंभ में उसे हफ्ते में तीन बार डायलिसिस की जरूरत थी। उसका ब्लड प्रेशर भी 150 से 250 एमएमएचजी रहता था, जिससे उसे हृदय संबंधी या न्यूरो की बीमारी का खतरा था। गंभीर हालत को देखते हुए मां किडनी देने को तैयार हो गई। इसके बाद विशेषज्ञों की एक टीम बनाई गई, जिसने लेप्रोस्कोपिक तकनीक की मदद से कार्य नहीं कर रही किडनी को हटाकर नई किडनी ट्रांसप्लांट की। यह ऑपरेशन जटिल था, परंतु एम्स के नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी और एनेस्थिसिया विभाग के चिकित्सकों ने मिलकर सफल ट्रांसप्लांट किया।

अधेड़ मरीज का ट्रांसप्लांट भी

एम्स ने भिलाई के 45 वर्षीय रोगी को कैडेवर किडनी का सफलतापूर्वक ट्रांसप्लांट किया। यह रोगी तीन वर्ष से किडनी के गंभीर रोग (सीकेडी) से पीड़ित था और नियमित डायलिसिस की जरूरत पड़ रही थी। किडनी मिलने पर अब वह सामान्य जीवन व्यतीत कर सकेगा। स्वस्थ होने के बाद दोनों मरीजों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

जल, तनाव और बदलती दिनचर्या कारण

एम्स के नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. विनय राठौर ने बताया कि जल प्रदूषण, तनाव और बदलती दिनचर्या की वजह से युवा वर्ग में रीनल हाईपरटेंशन के रोगी बढ़ रहे हैं। उन्होंने तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने, प्रदूषित जल से बचने और जंक फूड न खाने की सलाह दी। यहां अब तक 25 किडनी प्रत्यारोपण कर जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन प्रदान किया जा चुका है।

परिवार व समाज को तंबाखू से बचाने जागरुकता पहला कदम

रायपुर। राष्ट्रीय तंबाखू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को जागरुकता एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति एवं वाइटल स्ट्रेटजीज संस्था के समन्वय से संभागीय स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम जिला समन्वयक और विकास खंड समन्वयक के लिए रखा गया। उक्त कार्यशाला में तंबाखू के उपयोग से होने वाले नुकसान, तंबाखू के उपयोग करने से कैसे बचें, अपने परिवार और समाज को इस हानिकारक पदार्थ के उपयोग से कैसे बचाएं व आम जनता को कैसे जागरूक करें, इस पर विस्तृत चर्चा हुई।

चिकित्सकों ने ली शपथ

तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन ने शपथ ग्रहण करवाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मिथिलेश चौधरी, नोडल अधिकारी डॉ.प्रीति नारायण, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष मेजर, राज्य विधिक सलाहकार ख्याति जैन सहित अन्य उपस्थित रहे। ट्रेनिंग के दौरान सभी को मतदाता जागरूकता तथा मतदान करने के लिए भी शपथ दिलाई गई। सभी ने अपने स्तर पर तंबाखू मुक्ति के लिए संकल्प लिया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं अन्य शासकीय अमले से लेंगे सहयोग

कार्नर न्यूज

पहली बार 24 घंटे मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर छात्रों को अवसाद से बचाने पालक-शिक्षक बैठक

रायपुर। राज्य में दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम जारी होने के पहले ही राज्य शासन छात्रों को तनाव से उबारने के लिए एक्शन मोड में है। इसके लिए ना सिर्फ हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाएंगे बल्कि पालक-शिक्षक बैठक भी ली जाएगी। इस बैठक में पालकों को बताया जाएगा कि परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद वे किस तरह से बच्चों का मनोबल बनाए रखें। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य शासन ने पालक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) समय-समय पर लिये जाने के लिए प्राथमिकता तय की है। आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। किंतु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसादग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत संवेदनशील होता है।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया गया आदेश



ना दें नकारात्मक प्रतिक्रिया : स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार, हमें यह बात विद्यार्थियों, माता-पिता तथा पालकों तक पहुंचानी है कि परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप न होना, जीवन का कोई अंतिम परिणाम नहीं है। हमारे सम्मुख बहुत से ऐसे उदाहरण हैं, जिन्होंने शिक्षा के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है किन्तु वे जीवन में अत्यंत सफल रहे हैं तथा वे हमारे प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। इसके लिए जन जागरण एवं सकरात्मक माहौल का निर्माण बच्चों एवं पालकों के मध्य करना है, जिससे पालक अपने बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं और न ही नकारात्मक प्रतिक्रिया दें।

तनाव में रहने के कारण विद्यार्थी द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिये जाने की आशंका बढ़ जाती है। परीक्षा परिणामों को लेकर कई बार पालकों की भी नकारात्मक भूमिका सामने आई है। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि छात्रों-पालकों को जागरूक करने के लिए पालक-शिक्षक बैठक की जाए, ताकि किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सार्थक प्रयास किया जा सके।

लक्षणों की मॉनिटरिंग

तनाव ग्रसित बच्चों में पूर्व से भी कुछ लक्षण दिखने लगते हैं। जैसे- शांत रहना, अकेले या गुमसुम रहना, किसी काम में मन न लगना, चिड़चिड़ापन, भूख नहीं लगना आदि। इन तथ्यों के आधार पर हमें निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्य में बोर्ड कक्षाओं के कक्षा शिक्षकों, पालकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं अन्य शासकीय अमले का सहयोग लिया जाएगा, जो स्वेच्छा से इस कार्य से जुड़ना चाहते हैं।

मंडल की हेल्पलाइन नंबर भी

यदि किसी भी विद्यार्थी में तनाव के लक्षण दिखाई देते हैं और परामर्श की आवश्यकता प्रतीत होती है, तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के टोल फ्री नंबर 1800-2334363 पर 1 से 15 मई (समय प्रातः 10:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक) तथा मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर 24X7 संपर्क कर निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा चिन्हांकित मनोवैज्ञानिक चिकित्सकों, कॅरियर सलाहकार तथा एससीईआरटी के विशेष अकादमिक सहयोग से ऑनलाइन दक्षता विकास प्रशिक्षण का आयोजन 29 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से किया जा रहा है। इसका वेबलिंक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के जरिए सर्वसंबंधित शिक्षकों को भेजा जाएगा।

एज्यूकेशन अपडेट

यूपीएससी ने जारी किया कैलेंडर पंजीकरण व परीक्षा तिथि घोषित

रायपुर। संघ लोक सेवा आयोग ने वर्ष 2025 के विभिन्न भर्ती परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस एग्जाम कैलेंडर के माध्यम से यूपीएससी ने सीएसई, एनडीए, सीडीएस, आईएफएस, आईईएस, आईएसएस, जियो-साइंटिस्ट और अन्य परीक्षाओं की तारीखों के साथ-साथ इनमें सम्मिलित होने के लिए पंजीकरण की तारीखों की भी घोषणा कर दी है। इस परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार, सिविल सेवा परीक्षा-2025 और भारतीय वन सेवा परीक्षा-2025 की संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा यानी यूपीएससी प्रीलिम्स 2025 में सम्मिलित होने के लिए उम्मीदवार अपना पंजीकरण 22 जनवरी से 11 फरवरी तक कर सकेंगे और इसके बाद परीक्षा का आयोजन 25 मई को किया जाएगा। सीएसई प्रीलिम्स में सफल घोषित उम्मीदवारों के लिए सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2025 का आयोजन 22 अगस्त से किया जाएगा, जो कि 5 दिन चलेगी।

अगले वर्ष होने वाली परीक्षाओं के लिए आवेदन इस साल

इसी प्रकार राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी परीक्षा तथा सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा 2025 के लिए पंजीकरण 11 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 तक किए जा सकेंगे। इसके बाद पंजीकृत उम्मीदवारों के लिए परीक्षा का आयोजन 13 अप्रैल 2025 को किया जाएगा। यूपीएससी ने अपने परीक्षा कार्यक्रम में इंजीनियरिंग सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए पंजीकरण 18 सितंबर से 8 अक्टूबर 2024 तक स्वीकार किए जाने की घोषणा की गई है। इसके बाद परीक्षा का आयोजन 9 फरवरी 2025 को किया जाएगा। दूसरी तरफ यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली कंबाइंड जियो-साइंटिस्ट प्रारंभिक परीक्षा 2025 का आयोजन 9 फरवरी 2025 को किए जाने की घोषणा अपने परीक्षा कार्यक्रम में की गई है।

एग्जाम लाइव

जेईई एडवांस्ड के लिए आवेदन आज से, 7 मई तक है समय

रायपुर। देशभर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में संचालित होने वाले बैचलर डिग्री कोर्सेस में इस साल दाखिले के लिए आईआईटी मद्रास द्वारा आयोजित की जाने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 27 अप्रैल से शुरू होगी। आईआईटी मद्रास द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार जेईई मेन में क्वालिफाई करने वाले छात्र अपना पंजीकरण आधिकारिक वेबसाइट, jeeadv.nic.in पर निर्धारित अंतिम तिथि 7 मई तक कर सकेंगे। आईआईटी मद्रास द्वारा जारी जेईई एडवांस्ड 2024 सूचना-पुस्तिका के अनुसार आईआईटी दाखिले की इस प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए स्टूडेंट्स को जेईई मेन में अधिकतम 2,50,000 रैंक प्राप्त होना चाहिए। यह संख्या सभी श्रेणियों को मिलाकर निर्धारित की गई है। विभिन्न श्रेणियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

इतना है पंजीकरण शुल्क

स्टूडेंट्स को जेईई एडवांस 2024 परीक्षा के लिए पंजीकरण के दौरान आईआईटी मद्रास द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यमों से करना होगा। सूचना-पुस्तिका के अनुसार सभी वर्गों की महिला उम्मीदवारों और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए पंजीकरण शुल्क 1600 रुपए है। अन्य सभी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए शुल्क 3200 रुपए निर्धारित किया गया है। छात्र-छात्राएं अपना पंजीकरण शुल्क 10 मई 2024 तक सब्मिट कर सकेंगे।

जॉब अलर्ट

सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस के लिए खुला आवेदन पोर्टल

रायपुर। यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा 2024 के लिए आवेदन लिंक खोल दिया गया है। वे कैंडिडेट्स जो इस एग्जाम के लिए आवेदन करना चाहते हों, वे ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक 24 अप्रैल को खोला गया है और फॉर्म भरने की लास्ट डेट 14 मई है। कैंडिडेट्स इस तारीख के पहले बताए गए प्रारूप में फॉर्म भर सकते हैं। इसके बाद एप्लीकेशन करेक्शन विंडो खोली जाएगी। इसके लिए 15 से 21 मई तक का समय दिया गया है।

4 अगस्त को होगी लिखित परीक्षा

सीएपीएफ लिखित परीक्षा का आयोजन 4 अगस्त को किया जाएगा। इस दिन सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस में असिस्टेंट कमांडेंट पद के लिए परीक्षा आयोजित होगी। इसके तहत बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी के लिए कैंडिडेट्स का सेलेक्शन होगा। आवेदन करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। जरूरी डॉक्यूमेंट्स भी अपलोड करने होंगे। निर्धारित फीस का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से ही करना होगा। परीक्षा पैटर्न, सिलेबस सहित अन्य जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर यूपीएससी द्वारा अपलोड कर दी गई है।

बच्चों में फायरलेस कुकिंग का क्रेज, सीख रहे बगैर आग खाना बनाना ताकि आपातकाल में तैयार कर सकें भोजन

समर कैंप में बच्चों को सिखाए जा रहे हैं आसान तरीके से बनने वाले व्यंजन

बिना आग के भी खाना बनाना संभव है। आधुनिक एकल परिवारों में जहां माता-पिता दोनों नौकरीपेशा हैं, वहां छोटे बच्चों को कई बार घर में अकेले रहना पड़ जाता है। इन स्थितियों में बगैर आग का इस्तेमाल किए वे खुद के लिए खाना बना सके, इसलिए विशेष तरह का प्रशिक्षण उन्हें दिया जा रहा है।

रायपुर। गर्मी की छुट्टियों में कुकिंग क्लासेज लगाई जाती हैं, लेकिन इन छोटे बच्चों के लिए खास तौर से फायरलेस कुकिंग क्लासेज लगाई जा रही है। इसमें बच्चों को आग का प्रयोग किए बगैर ही खाना बनाने के तरीके बताए जा रहे हैं। पैरेंट्स भी अपने बच्चों का दाखिला इसमें करा रहे हैं, ताकि मुश्किल वक्त में सावधानी और सुरक्षा के साथ वे अपना भोजन तैयार कर सकें।

कई पालक ऐसे भी हैं, जो बच्चों का दाखिला इस तरह की कक्षाओं में इसलिए कर रहे हैं ताकि उनके बच्चे फोन की लत से दूर रहें। बच्चे अपने काम खुद करना सीख सकें और सेहत को लेकर जागरुक हों। फायरलेस कुकिंग में अधिकतर 10-12 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चे ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिन व्यंजनों को तैयार करना आसान है, उनकी विधि ही बच्चों को बताई जा रही है। घर पर मौजूद वस्तुओं के उपयोग से कुछ ही मिनट में इसे तैयार किया जा सकता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। अधिकतर व्यंजन सब्जियों और फलों का इस्तेमाल कर बनाए जाते हैं, जो देखने में आकर्षक होते हैं और टेस्ट में चटपटे।

फल और सब्जियों का इस्तेमाल

बच्चों को प्रशिक्षण देने वाली शेफ आशा जैन कहती हैं, अधिकतर परिजन बच्चों की दिनचर्या में बदलाव और कुछ नया सिखाने के उद्देश्य से उन्हें फायरलेस कुकिंग क्लास भेजते हैं। इस दौरान बच्चे अन्य बच्चों के साथ कुकिंग कर खुश रहते हैं और खेल ही खेल में कुछ नया सिखते हैं। फायरलेस कुकिंग के लिए विभिन्न फल एवं सब्जियों का उपयोग किया जा सकता है, जिससे बच्चे सावधानीपूर्वक कई व्यंजन तैयार कर सकते हैं।

बच्चों को भाते हैं चटपटे व्यंजन

शेफ प्रतिभा शर्मा कहती हैं, फायरलेस कुकिंग में आमतौर पर उन्हीं व्यंजनों को शामिल किया जाता है, जिसमें इस्तेमाल होने वाली सामग्री आसानी से घर में मिल जाती है। जिससे बच्चों को अधिक परेशान नहीं होना पड़े। घर पर जल्द तैयार करने के लिए कई रेसिपी मौजूद है, लेकिन जब बात बच्चों की आती है तो चटपटा खाना ही उन्हें पसंद आता है। बच्चे आकर्षक ढंग से तैयार करने वाले वस्तुओं के प्रति जल्दी आकर्षिक होते हैं और खाने की जिद करते हैं। बच्चे खुद भी इन्हें तैयार कर सकते हैं।

इस तरह के व्यंजन

- मेक्सिकन सलाद : खीरा, टमाटर, शिमला मिर्च, प्याज, धनिया, नीबू और स्वादानुसार नमक को एक बर्तन में मिक्स कर स्वादिष्ट और स्वास्थ्य के लिए लाभदायक सलाद तैयार किया जा सकता है। सब्जियों से बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। इसके साथ वह अन्य एक्टिविटी में अपना समय बिताएगा।
- फ्रूट शाइन सोडा : दो बड़ा चम्मच क्रश किया हुआ संतरा, वनीला आइसक्रीम और सोडा वॉटर के साथ इसे बच्चे तैयार कर सकते हैं। इसे तैयार करने के लिए किसी भी फल और आइसक्रीम का उपयोग किया जा सकता है। गर्मी के दिनों में बच्चे आइसक्रीम खाना पसंद करते हैं। जिसके चलते यह उनके लिए बेस्ट रेसिपी है।
- फायरलेस पोहा : भींगा हुआ पोहा, दही, मिक्सचर, नमकीन, मनपसंद फल, हरी चटनी, काला नमक और शक्कर को एक बर्तन में लेकर मिक्स करें। यह खाने में टेस्टी के साथ चटपटा होता है। जिसे कम समय में काफी सरलता से तैयार किया जा सकता है। इसे बच्चों के मनपसंद फल के साथ तैयार किया जा सकता है।
- स्विस रोल : फायरलेस कुकिंग में स्विस रोल बच्चों संग माता-पिता को भी काफी पसंद है। इसे गर्मी के दिनों में पसंद किया जाता है। इस तैयार करने के लिए दूध पाउडर को गूंथना है। इसके बाद उसे दो पार्ट में डिवाइड करना है। जिसमें दो अलग रंग मिक्स कर रोल तैयार करना है, जिसे सिल्वर पेपर में कवर कर 1 घंटे के लिए फ्रिज करना है। अंत में उसे केवल कट करके खाना है। आसान होने के साथ इसमें अधिक वस्तुएं नहं लगती। घर पर मौजूद वस्तुओं से ही आप शानदार रेसिपी तैयार कर सकते है।

रैंप पर उतरी तीन पीढ़ियां...

रायपुर। मां-बेटी, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर, दादा-दादी, माता-पिता, बेटा-बहु, पोता-पोती, 75 से अधिक उम्र के बुजुर्ग, एनआरआई हर वर्ग ने स्वीप संध्या में रैंपवॉक के जरिए मतदान का संदेश दिया। तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव में शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और न्यायाधीश जे. अब्दुल जाहिद ने कार्यक्रम की शुरूआत की। मॉडल अधीर भगवनानी और जया भगवानानी के रैंप वॉक आकर्षक का केंद्र रहा। रायपुर की प्रियंका मिश्रा सात समंदर पार कर लंदन से मतदान करने के लिए रायपुर पहुंची है। उन्होंने स्वीप संध्या के आयोजन पर हाथ में ट्रॉली बैग लेकर विदेशी लुक में मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए रैंपवॉक किया।

तीन पीढ़ियों का रोचक रैंपवॉक

तीन पीढ़ियों ने रैंपवॉक कर मतदान का संदेश दिया। दादा-दादी, बेटा-बहु, पोता-पोती ने हाथों में मतदाता जागरूकता की तख्ती लेकर मतदान का संदेश दिया। साथ ही महिलाएं, बुजुर्ग, ट्रांसजेंडर, दिव्यांग हर वर्ग के लोगों ने रैंप वॉक के जरिए मतदान का संदेश दिया। न्यायाधीश जे.अब्दुल जाहिद ने सभी नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा, मतदान हर व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण अधिकार है। मतदान हमारे देश की ख्याति बढ़ाने का कार्य करेगी। हर व्यक्ति के लिए मतदान करना आवश्यक है।

महिलाओं को सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर से बचाने समूह में जोड़े 300 सदस्य

कैंसर से अपनों को खोया तो दर्द को बनाया ताकत, 12 साल से कर रहे जागरुक, अस्पताल को दिया नया लुक ताकि कम हो तनाव

कार्नर न्यूज

रायपुर। महिलाओं की सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर से मौत न होने पाए, इसके लिए धमतरी की जानकी गुप्ता 12 साल से शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में भी लोगों को जागरुक कर रही हैं। कैंसर पीड़ितों को जरूरी दवा उपलब्ध कराने में सहयोग कर रही हैं। इसके लिए ऑल इंडिया लीनेस क्लब से जुड़कर रायपुर धमतरी, दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा और महासमुंद में अभियान भी चला रही हैं। इसके लिए बैनर-पोस्टर, पॉम्पलेट, पेंटिंग के साथ पीड़ितों से मिलकर हौसला बढ़ाने के लिए क्लब के साथ टीम वर्क भी कर रही हैं। सेवा क्षेत्र के लिए कैंसर रोगियों को चुनने की वजह पूछने पर बताती हैं कि परिवार में ही तीन लोगों को कैंसर की वजह से खो दिया। दादी गौरी गुप्ता, मौसेरा भाई अनुपम गुप्ता और जीजा शिवकांत गुप्ता भी कैंसर पेशेंट रहे। परिवार के लोगों को होने वाली परेशानी को देखते हुए उनके दर्द को ही ताकत बनाई।

हौसला बढ़ाने सजाए कैनवास

उन्होंने बताया कि आंबेडकर अस्पताल के कैंसर वार्ड में इलाज के लिए आने वाली ग्रामीण महिलाओं की हिम्मत बढ़ाने के लिए उन्हें खुशनुमा माहौल देने की कोशिश करते हैं। इतना ही नहीं चाइल्ड कैंसर पेशेंट के वार्ड में उन्हें बेहतर माहौल देने के लिए इनके बीच कैनवास पर कई तरह की कृतियां उकेरने के बाद दीवारों पर सजाया है। इलाज के दौरान बच्चों को मनोरंजन की सुविधा देने के लिए ड्राइंग व पेंटिंग का जरुरी सामान भी उपलब्ध कराते हैं। उनका हौसला बढ़ाने महिलाएं नियमित रूप से अस्पताल भी आते-जाते रहती हैं।

आगे नहीं आती थी महिलाएं

कैंसर पीड़ितों के लिए काम करने के लिए महिलाओं को जोड़ने का प्रयास किया, तो महिलाएं आगे नहीं आती थी। उनको कई बार समझाने और कैंसर से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए जागरुकता अभियान की जानकारी देने पर वे तैयार हुईं। यह एक जटिल कार्य था। अब 300 से ज्यादा महिलाएं क्लब से जुड़ी हैं। अब वे भी अभियान के तहत अलग-अलग क्षेत्र में महिलाओं के बीच कैंसर के लक्षण जैसे- शरीर में गांठ पड़ना, हमेशा हल्का बुखार होना सहित अन्य शिकायत मिलने पर महिलाओं की जांच कराती हैं। हर साल ऐसे 40 से ज्यादा कैंसर रोगियों को जांच व इलाज से जोड़ने की जिम्मेदारी क्लब की महिलाएं निभाती हैं।

सिटी स्पोर्ट्स

छत्तीसगढ़ टेनिस प्रीमियर लीग के विजेता बने टीम दीपेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ के तत्वावधान में विष्णु प्ले फिट स्पोर्ट्स एकेडमी और टेनिस फेमिलिया द्वारा छत्तीसगढ़ टेनिस प्रीमियर लीग (सीटीपीएल) का आयोजन यूनियन क्लब में किया गया। सुबह 9 बजे से प्रतियोगिता के फायनल मुकाबले खेले गए।
जिसमे टीम दीपेश ने टीम हेनरी को 5-0 से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। बालक एकल के मुक़ाबले में टीम दीपेश के अयान सरवत ने टीम हेनरी के सार्थक अग्रवाल को 5-0 से शिकस्त दी। बालिका एकल में टीम दीपेश की सुहानी पाठक ने टीम हेनरी की चंचल सारथी को 5-1 से शिकस्त दी और बालक डबल्स के मुक़ाबले में टीम दीपेश के जसमन सिंह खालसा और तन्मय गोयल की जोड़ी ने टीम हेनरी के आरव असाटी और साकेत चंदवास्कर की जोड़ी को 5-1 से शिकस्त दी। मिक्स डबल्स के मुक़ाबले में टीम दीपेश के अंश चोपड़ा और सुहानी पाठक की जोड़ी ने आरव असाटी और चंचल सारथी की जोड़ी को 5-1 से शिकस्त दी। बालक एकल के अंतिम मुक़ाबले में टीम दीपेश के अंश चोपड़ा ने टीम हेनरी को हर्षिल नथानी को 5-1 से हराते हुए फ़ाइनल अपने नाम किया। विजेताओ को पुरस्कृत विजय अग्रवाल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अग्रवाल सभा एवं वाइस प्रेसिडेंट छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ, प्रदेश टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा एवं सचिव यूनियन क्लब गिरीश अग्रवाल ने किया। यह जानकारी टूर्नामेंट कोर्डिनेटर रुपेंद्र सिंह चौहान ने दी।

राष्ट्रीय शालेय बास्केटबाल के लिए विक्की का राज्य टीम में चयन

रायपुर। सरगुजा जिले से छत्तीसगढ़ बास्केटबाल टीम में बालक वर्ग में विक्की भगत का चयन 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा बास्केटबाल प्रतियोगिता हरियाणा के लिए हुआ है। ये प्रतियोगिता 27 से 30 अप्रैल तक आयोजित है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि विक्की विगत कई वर्षों से गांधी स्टेडियम सरगुजा के बास्केटबाल ग्राउंड पर अभ्यास करते आ रहे हैं। बेहद साधारण परिवार से आने वाले विक्की के चयन पर जिला बास्केटबॉल संघ ने बधाई और शुभकामनाये दी है।

स्वीप कप मुंगेली जिला स्तरीय ओपन रैंकिंग शतरंज चैम्पियनशिप कल

रायपुर। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम लोकसभा चुनाव 2024 स्वीप के अंतर्गत जिला स्तरीय ओपन रैंकिंग शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन 28 अप्रैल को महाराणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाफल में सुबह 9.30 बजे से किया जा रहा है। स्पर्धा का आयोजन मुंगेली जिला शतरंज संघ द्वारा किया जा रहा है। जिसमे सभी उम्र के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं.स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कुल नगद 10, 000 रुपये मोमेंटो व मेडल्स और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के प्रायोजक राजपूत युवा मोर्चा लोरमी है । स्पर्धा में भाग लेने के लिए आधार कार्ड व पासपोर्ट साइज फ़ोटो प्रतिभागियों को लाना अनिवार्य है । स्पर्धा सभी प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क है। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं मतदाता शपथ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राहुल देव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुंगेली व विशिष्ट अतिथि प्रभाकर पांडेय स्वीप जिला नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधकारी मुंगेली रहेंगे।

वुमेंस अंडर 19 वनडे चैलेन्जर्स ट्रॉफी आज से

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा वुमेंस अंडर 19 वनडे चैलेन्जर्स ट्रॉफी 2024 का आयोजन 27 अप्रैल से किया जा रहा है। उक्त टुर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की 5 टीमें हिस्सा लेगीं। सभी मैच वनडे फार्मेट में खेले जायेगें। मैच आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर तथा सेक्टर 1 मैदान, भिलाई में खेले जायेगें। भाग लेने वाली टीम में -इस्ट जोन,वेस्ट जोन,साउथ जोन,सेन्ट्रल जोन और नार्थ जोन है।

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स को लेकर स्टडी में सामने आई बात, रहें सावधान

पैक्ड चिप्स-आइसक्रीम खाते हैं तो हो जाएं सावधान 'जहर' की ऐसी खुराक, मौत का बढ़ा रही है खतरा

अध्ययनों में बार-बार चेतावनी दी जाती रही है अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स सेहत को कई प्रकार से नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे मोटापे से लेकर ब्लड प्रेशर-कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा हो सकता है। पर क्या आप जानते हैं कि नियमित रूप से इन चीजों के सेवन से न सिर्फ हृदय रोग-कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, साथ ही ये समय से पहले मृत्यु के जोखिमों को भी बढ़ाने वाले हो सकते हैं।
बीएमजे जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर लोगों को सावधान किया है। 45 अध्ययनों में शामिल एक करोड़ से अधिक लोगों पर किए गए शोध में वैज्ञानिकों ने इससे होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर अलर्ट किया है। वैज्ञानिकों ने बताया कि अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाने या पीने की चीजों के कारण लोगों में कैंसर और मानसिक रोग, श्वसन और हृदय संबंधी विकारों, गैस्ट्रो और मेटाबॉलिज्म स्वास्थ्य की समस्याएं अधिक देखी जा रही हैं, जो समय से पहले मृत्यु के खतरे को भी बढ़ा रही हैं। लगभग सभी उम्र के लोगों में इस प्रकार के आहार के कारण होने वाली समस्याएं देखी गई हैं।

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स क्या हैं?

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स के कारण होने वाली समस्याओं को जानने से पहले ये जान लेना आवश्य है कि किस तरह के खाद्य पदार्थों को अल्ट्रा-प्रोसेस्ड की श्रेणी में रखा जाता है? अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स औद्योगिक रूप से तैयार खाद्य पदार्थ होते है जिन्हें प्राकृतिक भोजन से तो प्राप्त किया जाता है पर इनको लंबे समय तक टिकाऊ बनाए रखने, स्वाद को बढ़ाने के लिए कुछ प्रकार के प्रिजर्वेटिव्स, रसायन और रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। इन खाद्य-पेय पदार्थों में ऐडेड शुगर और सोडियम की मात्रा भी अधिक हो सकती है जिससे सेहत को कई प्रकार से नुकसान होता है।

मानसिक रोगों का बढ़ रहा है खतरा

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स से सेहत को किस प्रकार से नुकसान पहुंचता है इस बारे में जानने के लिए किए गए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के अधिक सेवन को सीधे तौर पर अस्थमा, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों और कुछ कैंसर से संबंधित पाया गया है।

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स से क्रोनिक बीमारियों का जोखिम

शोधकर्ता कहते हैं, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के साथ अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स खाने वालों में टाइप-2 डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों का खतरा भी अधिक देखा जाता रहा है। अध्ययन से पता चलता है कि अन्य लोगों की तुलना में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड चीजों का अधिक सेवन करने वालों में हृदय रोग-डायबिटीज के कारण समय से पहले मृत्यु का खतरा भी 20 फीसदी अधिक देखा गया है।

क्या कहते हैं शोधकर्ता?

अध्ययन के निष्कर्ष में लेखकों ने बताया बच्चों-युवाओं में जिस तरह से पैक्ड और झटपट तैयार होने वाले पैक्ड फूड्स की आदत बढ़ रही है ये गंभीर समस्याकारक है। कम उम्र में मोटापे की बढ़ती समस्या को कई तरह की क्रोनिक बीमारियों का कारक माना जाता है। इससे पहले के अध्ययनों में भी भारतीयों में प्रोसेस्ड फूड्स खाने की बढ़ती आदतों को लेकर अलर्ट किया जाता रहा है। मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन और आईसीआईसीआई सिक्यूरिटीज ने हाल ही में इससे संबंधित एक रिपोर्ट जारी कर बताया कि भारतीय लोगों को घर से ज्यादा बाहर खाना खाना पसंद आ रहा है, लिहाजा प्रोसेस्ड-जंक फूड्स की आदत भी बढ़ रही है जिसके कई दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

एक्सरसाइज से जुड़े मिथक जरूर जानिए, खुद परखिए

अगर आप उनमें से हैं जो बहुत ही सीरियस होकर ट्रेनिंग लेते हैं या फिर आप एक्सरसाइज शुरू करने की योजना बना रहे हैं, तो आपने उससे जुड़ी कई बातें सुनी होंगी। आपने कुछ अच्छे मिथक (जो वास्तव में सत्य हैं) और बुरे मिथक (जो बहुत समस्याग्रस्त हो सकते हैं) के बारे में सुना होगा। हार्वर्ड में ह्यूमन इवोल्यूशनरी बायोलॉजी के प्रोफेसर डैनियल लिबरमैन ने इन मिथकों के बारे में बताया है, ताकि आप जान सकें कि अपने डेली रूटीन में आप कुछ गलत तो नहीं कर रहे।

एक्सरसाइज के बारे में खराब मिथक

दौड़ना आपके घुटनों के लिए बुरा है

ये एक ऐसी आम धारणा है, जो बहुत गलत है। ज्यादातर लोगों को रनिंग के बारे में यही धारणा होती है और वो उसे सच मानते हैं। सभी को लगता है कि रनिंग करने से समय के साथ आपके घुटनों पर बुरा असर पड़ेगा।

लेकिन होता वास्तव में इसके बिल्कुल विपरीत है। दौड़ने से वास्तव में आपके ज्वाइंट्स को समय के साथ खुद को ठीक करने की आदत हो जाती है। अगर आप रोइंग या स्विमिंग भी करते हैं, तो हमें बस ये ध्यान रखने की आवश्यकता है कि हमें इसके फायदे उठाने के लिए इसे ठीक से करना सीखना चाहिए।

दौड़ने से घुटने के जोड़ों में सूजन कम होती है और यह ऑस्टियोअर्थराइटिस की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। एक शोध में भी यह बात सामने आई है। अमेरिका के यूटा में ब्रिघम यंग विश्वविद्यालय में व्यायाम विज्ञान के सहायक प्रोफेसर और शोध के सहलेखक मैट सीली ने कहा, ₹यह विचार की लंबी दूरी की दौड़ आपके घुटनों के लिए बुरा है,

एक मिथक हो सकता है।₹

एक्सरसाइज की कोई सही मात्रा नहीं है

जब तक आप ऐसे व्यक्ति नहीं हैं, जिसे डेली वर्कआउट (या सप्ताह में लगभग 4-5 बार) करने की आदत है, तो हो सकता है कि अपनी वीकली वर्कआउट की मात्रा पूरी नहीं कर रहे हों, जो प्रति सप्ताह 150 मिनट है। लिबरमैन के अनुसार, आपको स्वस्थ रहने के लिए हर दिन बहुत ज्यादा एक्सरसाइज की आवश्यकता नहीं है। आप न्यूनतम एक्टिविटी के साथ भी फिट रह सकते हैं।

एक्सरसाइज का एक परफेक्ट फॉर्म है

एक्सरसाइज का मामला बहुत ही पर्सनल है और एक्सरसाइज की एक तय मात्रा सभी के लिए एकसमान रूप से कार्य नहीं करती है। इसी तरह एक एक्सरसाइज भी सभी के लिए उपयुक्त नहीं है और इसीलिए आपको एक्सरसाइज के प्रकारों के बारे में सावधान रहना चाहिए, और साथ ही एक्सरसाइज की ड्यूरेशन के बारे में भी, जिसे आप अपने लिए चुनते हैं। एक हफ्ते में एक निश्चित मात्रा में एक्सरसाइज अच्छी है (जैसा कि दूसरे पांइट में बताया गया है), पर इसकी इंटेंसिटी और फ्रीक्वेंसी प्रत्येक व्यक्ति के हिसाब से अलग अलग हो सकती है।

किसी और के लिए जो एक्सरसाइज जबरदस्त काम कर रही है, वह जरूरी नहीं कि आपके लिए भी वैसे ही काम करे। बस आपको एक्टिव रहने का एक तरीका खोजना सुनिश्चित करना चाहिए।

वैशाख मास आरंभ, दान करने से मिलता है भरपूर पुण्य फल

धर्मग्रंथों में वैशाख मास को अत्यंत पवित्र और पुण्यदायी बताया गया है। देव आराधना, दान और पुण्य के लिए श्रेष्ठ मास विशेष होता है। वैशाख के महीने में सब तीर्थ आदि देवता (तीर्थ के अतिरिक्त) बहार के जल में भी सदैव स्थित रहते हैं। भगवान विष्णु की आज्ञा से मनुष्यों का कल्याण करने के लिए वे सूर्योदय से लेकर छः दंड के भीतर तक वहां मौजूद रहते हैं। स्कंद पुराण के अनुसार इस मास में अलग-अलग वस्तुओं के दान से अलग-अलग फल प्राप्त होते हैं।

जलः कहते हैं जल ही जीवन है। धार्मिक मान्यता है कि जो व्यक्ति महात्माओं, थके और प्यासे व्यक्तियों को स्नेह के साथ शीतल जल पिलाता है, उसे उतनी ही मात्रा से दस हजार राजसूय यज्ञों का फल प्राप्त होता है। स्कंद पुराण के अनुसार इस माह में जल दान का सर्वाधिक महत्व है ,जो पुण्य सब दानों से मिलता है और जो फल सब तीर्थों के दर्शन से प्राप्त होता है, उसी पुण्य और फल की प्राप्ति वैशाख मास में सिर्फ जल का दान करने से हो जाती है। यह समस्त दानों से बढ़कर अधिक लाभ पहुंचाने वाला है एवं जल के दान से त्रिदेव की कृपा मिलती है।

वस्त्र, फल और शर्बत : जो वैशाख मास में पहनने के लिए कपड़ों का दान करता है वह इसी जन्म में सब सुखों से संपन्न हो जाता है। इसी प्रकार जो इस गर्मी के महीने में फल और शर्बत का दान देता है उससे उसके पितृ प्रसन्न होकर आशीर्वाद प्रदान करते है और दान देने वाले के सारे पाप कट जाते हैं।

वास्तु अनुसार घर में की-होल्डर रखें, चली आएगी पॉजिटिविटी

घर में चाबियों को सही तरह से रखने के लिए की-होल्डर का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। हालांकि, घर में की-होल्डर टांगते समय आपको वास्तु के कुछ छोटे-छोटे नियमों का ख्याल रखना चाहिए।

वास्तुशास्त्र को दिशाओं का शास्त्र माना जाता है। वास्तु में हर दिशा का अपना एक अलग महत्व माना गया है। दिशाओं की भी अपनी एक अलग एनर्जी होती है और इसलिए अगर उस दिशा व उसकी एनर्जी को समझकर चीजों को सही तरह से और सही जगह पर रखा जाए तो इससे घर में पॉजिटिविटी आती है। आपको हर छोटी से छोटी चीज का ख्याल रखना चाहिए। मसलन, घर में चाबियों को रखने के लिए की-होल्डर का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। लेकिन घर में की-होल्डर किस दीवार व दिशा पर रखना चाहिए, इसका ख्याल भी आपको होना चाहिए। अगर आप सच में चाहते हैं कि आपके घर में पॉजिटिविटी बनी रहे तो आपको की-होल्डर भी वास्तु के अनुसार टांगना चाहिए। घर में की-होल्डर टांगते समय आपको बस कुछ छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखने की जरूरत है, जिसके बारे में आज वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको इस लेख में बता रहे हैं-

पश्चिम दिशा में हो की-होल्डर

अगर आप अपने घर में चाबियों को रखने के लिए की-होल्डर का इस्तेमाल कर रहे हैं तो उसके लिए पश्चिम दिशा काफी अच्छी मानी जाती है। दरअसल, की-होल्डर में लोहे, पीतल या अन्य धातु की चाबियों को रखा जाता है और लोहे व धातु के लिए पश्चिम दिशा काफी अच्छी रहती है।

संगत का व्यक्तित्व पर होता है असर, सही दोस्त का चुनाव करना भी बड़ी समझदारी

स्कूल खत्म हो गए हैं, अब आपको अपना करियर बनाने के लिए सही कॉलेज और विषय का चयन करना है। स्कूल में पूरी क्लास ही आपकी दोस्त होती थी, लेकिन अब जॉब या कॉलेज में ऐसा नहीं होने वाला। स्कूल में आपने अक्सर देखा होगा कि अगर आपकी बेस्ट फ्रेंड क्लास में अव्वल आती थी तो सबकी नजर आप पर भी रहती थी कि आप भी वैसी ही होंगी।

कैसे करें सही चुनाव

खुशी गणित में बहुत अच्छी थी, लेकिन उसकी सारी सहेलियां चिकित्सा क्षेत्र में जाना चाहती थीं, इसलिए उसने भी चिकित्सा को चुना, जबकि उसके माता-पिता चाहते थे कि वह इंजीनियरिंग करे। जैसे-जैसे समय बीतता गया, उसे अपनी भूल का अहसास होने लगा। अब उसे अफसोस होता है कि उसने अपने मन के मुताबिक अपनी राह क्यों नहीं चुनी।

असल में, आप जिनके साथ अधिक समय बिताती हैं, उनका असर आपके व्यवहार पर जरूर पड़ता है और कभी न कभी वह आपके व्यक्तित्व में भी नजर आने लगता है। अगर आप अच्छे लोगों के साथ रहेंगी तो इससे आपका व्यवहार सुधरेगा। वहीं, गलत संगत आपके व्यवहार को बिगाड़ने के साथ ही लक्ष्य से आपको भटकाने का काम करेगी।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

वार्नर ब्रदर्स की फिल्म 'ट्रैप' का ट्रेलर मनोवैज्ञानिक-थ्रिलर की झलक

वार्नर ब्रदर्स ने एम. नाइट श्यामलन की नवीनतम मनोवैज्ञानिक थ्रिलर 'ट्रैप' का ट्रेलर जारी कर दिया है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही यूट्यूब पर इसकी धूम

देखने को मिल रही है। 'ट्रैप' में जोश हार्टनेट, सालेका श्यामलन, हेले मिल्स और मार्नी मैकफेल जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं। आधिकारिक लॉगलाइन के अनुसार, 'ट्रैप' एक पिता और किशोरी बेटी की कहानी है जो एक पॉप कॉन्सर्ट में भाग ले रहे हैं। कॉन्सर्ट में उन्हें एहसास होता है कि वे एक अंधेरे और भयावह घटना के केंद्र में हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक इस साल लास वेगास के सिनेमाकॉन में प्रदर्शित किया गया था। ट्रेलर में, हार्टनेट का किरदार और उनकी बेटी जोडी, पॉप स्टार लेडी रेवेन के पॉप कॉन्सर्ट में हैं। जब हार्टनेट बाथरूम की ओर भागता है, तो वह देखता है कि कॉन्सर्ट में भारी पुलिस मौजूद है और उसे तुरंत पता चलता है कि वे एक सीरियल किलर को पकड़ने के लिए वहां आए हैं। मोड़ यह है कि हार्टनेट ही वह हत्यारा है जिसकी वे तलाश कर रहे हैं, और उसके फोन से पता चला है कि उसने एक पीड़ित को बंधक बना रखा है। ट्रेलर का अंत हार्टनेट के पागलपन से खुद पर हंसने के साथ होता है।

'ट्रैप' के ट्रेलर पर इस सप्ताह लॉस एंजिल्स के कार्यक्रम 'द समर ऑफ श्यामलन' में चर्चा की गई थी। 'ट्रैप' में पॉप स्टार की भूमिका निर्देशक की दूसरी बेटी सालेका ने निभाई है, जो एक गायिका और गीत लेखिका हैं। सालेका ने फिल्म के लिए कई गाने भी लिखे हैं। निर्देशक एम. नाइट श्यामलन ने कहा कि 'ट्रैप' बनाने की अपील का एक हिस्सा कहानी को एक अप्रत्याशित व्यक्ति के सुविधाजनक दृष्टिकोण से बताने का विचार था। फिल्म, देशभर के सिनेमाघरों में 9 अगस्त, 2024 को और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1 अगस्त, 2024 को दस्तक देगी।

टॉलीवुड

अल्लू अर्जुन की फिल्म ने रिलीज से पहले ही 'फाइटर' के बराबर कर ली कमाई

अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 द रूल का फैंस को लंबे समय से इंतजार है। यह इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। हाल ही में इस फिल्म का टीजर जारी

किया गया था, जिसमें तेलुगु सुपरस्टार ने अपने साड़ी वाले लुक में एक्शन करके सभी को हैरान कर दिया था। इस टीजर के रिलीज होने के बाद फैंस का उत्साह काफी ज्यादा बढ़ गया है। ट्रेड जगत में भी यह फिल्म काफी ज्यादा चर्चा में हैं। मेकर्स रिलीज से पहले इस फिल्म के लिए कई बड़ी डील कर रहे हैं। इस साल 15 अगस्त सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही यह फिल्म बड़े पर्दे पर प्रदर्शित होने से पहले ही नए रिकॉर्ड बनाती नजर आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े वितरकों में से एक अनिल थडानी ने पुष्पा 2: द रूल के निर्माताओं के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत एए फिल्म्स इस फिल्म को पूरे उत्तर भारतीय क्षेत्र में रिलीज करेगी। बताया जा रहा है कि यह सौदा 200 करोड़ रुपये में हुआ है और पूरी रकम रिफंडेबल है। हिंदी पट्टी के लिए किसी भी दक्षिण भारतीय फिल्म को दी गई यह अब तक की सबसे बड़ी अग्रिम राशि है। कुछ अन्य रिपोर्ट्स में पुष्पा 2: द रूल की शूटिंग की औपचारिकताएं जून में पूरी होने की संभावना जताई गई है। साउथ में भी फिल्म को लेकर जबर्दस्त उत्साह है। फिल्म को बड़े पर्दे पर प्रदर्शित करने के लिए मेकर्स की ओर से बड़ी रकम की मांग की गई है। वहीं, बताया जा रहा है कि अल्लू अर्जुन और उनकी टीम फिल्म को ब्लॉकबस्टर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। इसके लिए वे पूरे देश में आक्रामक तरीके से फिल्म का प्रचार करने की योजना बना रहे हैं। पुष्पा 2: द रूल का निर्देशन सुकुमार ने किया है। फिल्म का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स के बैनर तले हुआ है।

भोजपुरी

निरहुआ और आम्रपाली दुबे की नई फिल्म 'संयोग' का ट्रेलर रिलीज

भोजपुरी फिल्मों की सुपरहिट जोड़ी यानी दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और आम्रपाली दुबे एक बार फिर धमाल मचाने को तैयार है। दोनों नई

फिल्म 'संयोग' में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म एक अनोखी पारिवारिक कहानी पर आधारित है, जिसमें निरहुआ और आम्रपाली दुबे का अंदाज एकदम चौंका देगा। की कहानी सात समंदर पार की है, और इसलिए फिल्म में विदेशी सरजमीं बैकग्राउंड में शानदार नजर आ रही है। ट्रेलर की शुरुआत निरहुआ से होती है, जो पत्नी के साथ विदेश जाते हैं। इसके बाद वहां पर उनके साथ क्या कुछ होता है, वह देखना काफी दिलचस्प होगा। ट्रेलर में कई हंसी के पल भी हैं, जो इस ओर इशारा करते हैं कि 'संयोग' में जबरदस्त कॉमेडी भी होने वाली है।

'संयोग' का ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आ रहा है और वो निरहुआ-आम्रपाली दुबे की जोड़ी की तारीफ भी कर रहे हैं। हालांकि कुछ फैंस इस बात से निराश हैं कि अब निरहुआ ऑनस्क्रीन रोमांटिक सीन करने से बच रहे हैं। वो यूट्यूब पर फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद कमेंट भी कर रहे हैं। 'संयोग' को अभय सिन्हा ने प्रोड्यूस किया है।

जाने-माने फैशन हाउस डोल्से एंड गब्बाना का एस्टेट कलेक्शन विशिष्ट और शानदार है। डायमो, यूनो और गार्डो दा विसिनो के कैटवॉक में टॉप की सभी तस्वीरें पेरिस में फैशन शो का हिस्सा थीं। इसे फैंस ने खूब पसंद किया।

गर्मी में झुलस रही है चेहरे की त्वचा तो इस्तेमाल करें ये फेस पैक

अप्रैल महीने की गर्मी लगातार पुराने रिकॉर्ड तोड़ रही है। इस साल अप्रैल के महीने में ही कई जगह का पारा 40 डिग्री तक पहुंच गया है। तेज धूप और धूल की वजह से लोगों ने अपने घरों से निकलना कम कर दिया है। मौसम विभाग का ऐसा कहना है कि आगे आने वाले समय में गर्मी और ज्यादा परेशान करने वाली है।

बढ़ती गर्मी में अपनी सेहत के साथ-साथ त्वचा का भी रखना बेहद जरूरी होता है। अगर ध्यान न रखा जाए तो गर्मी का मौसम पसीना, जलन, मुंहासे और सनबर्न जैसी स्किन से जुड़ी कई समस्याएं पैदा कर सकता है। ऐसे में शरीर की तरह त्वचा को भी इस मौसम में हाइड्रेट रखना जरूरी होता है।

अगर आप भी चाहते हैं कि इस मौसम में आपके सामने त्वचा संबंधी परेशानियां न आएं तो इसमें ये लेख आपकी मदद कर सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू कूलिंग मास्क के बारे में बताएंगे, जो त्वचा को तरोताजा रखने में मदद करेंगे।

ग्रीन टी और नींबू

इस पैक को बनाना काफी आसान है,



इसके लिए सबसे पहले ग्रीन टी को तैयार करें। इसके बाद इसे कुछ देर ऐसे ही रखकर ठंडा करें। ठंडा करने के बाद दो चम्मच चाय में आधा नींबू का रस डालें। अब इस पैक को अपने चेहरे पर सही से लगाएं। अब 15 मिनट के लिए इसे चेहरे पर लगा लें। ये मास्क आपके चेहरे को तरोताजा बनाने का काम करता है।

दही और शहद

इस पैक को तैयार करने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में दही निकाल लें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा शहद डालकर सही से मिक्स करें। अब इस पैक को 15 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगों। कुछ देर बाद चेहरा धो लें। चेहरे को ठंडक प्रदान करने में ये पैक काफी कारगर है।

खीरा और एलोवेरा

गर्मी के मौसम में खीरे के सेवन शरीर को काफी लाभ पहुंचाता है। इसका इस्तेमाल चेहरे का ख्याल रखने के लिए भी किया जाता है। इसे तैयार करने के लिए आप सबसे पहले खीरे को ब्लैंड कर लें। इसके बाद इसमें दो बड़े चम्मच एलोवेरा जेल मिक्स करें। अब इस पैक को चेहरे से लेकर गर्दन तक पर सही से लगाएं। धूप से झुलसी त्वचा को राहत देने में ये मदद करेगा।

पुदीना और खीरा

मुट्ठी भर ताजे पुदीना के पत्ते लेकर उसे सही से साफ कर लें। इसे और खीरे को साथ में ब्लैंड करने के बाद इसें सही से अपने चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट के बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें। ये आपकी त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम करेगा।

पार्टी वियर लुक के लिए बेस्ट रहेंगे सिल्क सलवार-सूट के फैंसी

सलवार-सूट रोजाना से लेकर किसी भी पार्टी के लिए हम पहनते हैं। इसमें आपको कई तरह के डिजाइन और पैटर्न देखने को मिल जाएंगे। वहीं एवरग्रीन फैशन ट्रेंड की बात करें तो इसमें सबसे ज्यादा सिल्क सलवार-सूट को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है।

फैंसी लुक पाने के लिए सिल्क सूट बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकते हैं। तो आइये देखते हैं सिल्क सलवार-सूट के कुछ खास डिजाइंस जिन्हें आप गर्मी के मौसम में भी आसानी से कर सकती हैं स्टाइल। साथ ही, जानेंगे इन सूट को स्टाइल को करने के आसान टिप्स-

चौड़े घेरे वाले सूट

पाकिस्तानी स्टाइल में सिल्क सूट कैरी करना चाह रही हैं तो इस तरह के सिल्क सूट आप खरीद सकती हैं। इसमें आपको कढ़ाई वर्क वाले काफी हैवी सूट देखने को मिल जाएंगे। इसमें आप बनारसी, ब्रोकेड, प्लेन, क्रेप, साटन कई तरह के फैब्रिक खरीदकर सूट बनवा सकती हैं। इस तरह के लुक के साथ में आप पैन्ट्स या चूड़ीदार पजामी ही पहनें। चाहे तो दुपट्टे के लिए भी इसी तरह के कपड़े को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

फिरन स्टाइल सूट

स्टाइलिश और फैंसी लुक को कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह सेफिरन स्टाइल सलवार-सूटको स्टाइल कर सकती हैं। मॉडर्न और कम्फर्टेबल महसूस करना चाहती हैं तो इस तरह के लूज स्टाइल और धोती सलवार आप ट्राई जरूर करें। रेडीमेड इस तरीके का सूट आपको मार्केट में 2,000 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।

प्लेन सिल्क सूट

प्लेन सूट देखने में काफी क्लासी लुक देने में मदद करते हैं। इस तरह का सूट आप क्रेप फैब्रिक को थान से खुद मीटर के हिसाब से खरीदकर बनवा सकते हैं। इस तरह के मोनोक्रोम कलर पैलेट लुक के साथ में आप फैंसी लुक देने के लिए आप नेट के वर्क वाले दुपट्टे को कैरी कर सकती हैं। लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप एंकल लेंथ पैन्ट्स बनवा सकती हैं।

डोरी वाले ब्लाउज के ये डिजाइंस साड़ी लुक में डालेंगे जान

ब्लाउज को साड़ी से लेकर लहंगे तक के साथ में पहना जा सकता है। वहीं स्टाइलिश लुक पाने के लिए ब्लाउज को हम टेलर की मदद से कई तरह से कस्टमाइज करवाते हैं। वहीं आजकल आपको ब्लाउज के रेडीमेड डिजाइन भी आसानी से मिल जाएंगे।

आमतौर पर साड़ी के साथ कई तरीके के डिजाइन वाले ब्लाउज को पहना जा सकता है, लेकिन आजकल डोरी वाले ब्लाउज काफी पसंद किए जा रहे हैं। तो आइये देखते हैं डोरी वाले ब्लाउज के खास डिजाइंस जिन्हें आप साड़ी के साथ कर सकती हैं ट्राई। साथ ही, बताएंगे अपने साड़ी लुक को मॉडर्न और स्टाइलिश बनाने के आसान टिप्स-

जिग-जैग डिजाइन डोरी ब्लाउज

जिग-जैग स्टाइल एवरग्रीन फैशन में रहता है। वहीं इसके लिए आप ब्लाउज के अंदर ब्रा को न ही पहनें। ब्रा की जगह आप ब्लाउज में कप्स को लगवा सकती हैं या निप्पल कवर को भी ट्राई कर सकती हैं। ब्रेस्ट साइज हैवी है तो बूब टेप भी काफी काफी मदद कर सकती है।



बैकलेस डोरी ब्लाउज

बैकलेस ब्लाउज कैरी कर रही हैं और डीप नेक होने के कारण कंधे बार-बार गिरने लगते हैं, तो इस तरह से आप डोरी लगवाकर ब्लाउज के गिरते कंधे को सपोर्ट कर सकती हैं। इसके लिए आप 2 से 3 जगह बैक में डोरी को लगवाएं।

गोल्डन कलर के साथ खूब जचेंगी लाल-हरे रंग की ये चूड़ियां, कलाइयों को मिलेगा फैंसी लुक

स्टाइलिश दिखने के लिए हम आउटफिट से लेकर ज्वेलरी तक के डिजाइन को चुनने के लिए कलर कंट्रास्ट का खास ख्याल रखते हैं। हाथों की बात करें तो ट्रेडिशनल लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए हम चूड़ी पहनते हैं।हर लुक को खास बनाने के लिए हम स्टाइलिंग काफी सोच-समझकर करना पसंद करते हैं। वहीं कई कलर्स ऐसे भी हैं जो लगभग हर तरह के कपड़ों के साथ में बेस्ट लुक देने का काम करते हैं। हम बात कर रहे हैं गोल्डन कलर की। तो आइये देखते हैं गोल्डन कलर की चूड़ियों के नए सेट। साथ ही, बताएंगे इन चूड़ियों के सेट बनाने के कुछ आसान टिप्स-

हरे रंग के साथ में गोल्डन चूड़ियां

हरे रंग की चूड़ियों को पहनना शुभ माना जाता है। इसमें आपको मैट, थ्रेड वर्क, शिमर वाली में कई डिजाइन की पतली चूड़ियां मिल जाएंगी। इन चूड़ियों को आप गोल्डन कलर की पतली और मीडियम साइज की चूड़ी और साथ में गोल्डन चौड़े कंगन के साथ में पहन सकती हैं। इसमें आपको नाग वाले डिजाइन भी देखने को मिल जाएंगे।

लाल रंग के साथ में गोल्डन चूड़ी सेट

लाल रंग लगभग हर तरह के कपड़ों के साथ में पहना जा सकता है। वहीं इस कलर फैमिली में आपको कई ब्राइट, वार्म, मैरून, डार्क, डीप कलर ऑप्शन भी देखने को मिल जाएंगे। इस तरह में आप प्लेन कांच की चूड़ियां पहन सकती हैं। वहीं किसी पार्टी में जा रही हैं तो फैंसी लुक पाने के लिए वेलवेट के डिजाइन वाली चूड़ियों का सेट बनाकर पहन सकती हैं।

कार्नर न्यूज

हेयर केयर में कंडीशनर है सबसे फेवरेट जरूरी बातें समझ लीजिए

बालो को संवारना है तो इस्तेमाल करें कंडीशनर लेकिन सोच-समझ कर

हेयर केयर का आप बहुत ध्यान रखते हैं, आप इतना ध्यान रखते हैं कि कई बार लड़कियों को भी आपके बालों की केयर देख जलन होने लगती है। लेकिन बालों की केयर के लिए आप सबसे ज्यादा क्या इस्तेमाल करते हैं? अगर आप हेयर केयर के लिए सबसे ज्यादा हेयर कंडीशनर को पसंद करते हैं तो फिर आपको हमारी इस गाइड पर एक नजर जरूर डाल लेनी चाहिए।

हेयर कंडीशनर होता क्या है?

हेयर कंडीशनर स्किन लोशन की तरह होता है। जैसे लोशन स्किन को मुलायम और हेल्दी बनता है, ठीक वैसे ही कंडीशनर भी बालों का ध्यान रखता है। खास बात ये है, कि ज्यादातर बार बालों के रूखा होने की वजह शैंपू ही होता है। दरअसल शैंपू के साथ बालों के नेचुरल ऑयल निकल जाते हैं। इसके साथ बालों के रूखा होने की वजह सॉल्ट वाटर, क्लोरीन और सूरज की रोशनी भी होती है। मौसम का फर्क भी बालों पर साफ़ नजर आता है। अगर आप ड्राई मौसम में रहते हैं तो बाल नेचुरली ही ड्राई हो जाएंगे।

कंडीशनर ही क्यों?

बालों को जल्दी-जल्दी धोने से बचें। बाल में अपने नेचुरल कंडीशनर होते हैं जो बहुत धोने से कम होने लगते हैं। जब ये कंडीशनर कम हो जाता है तब हमें बाजार वाले कंडीशनर की जरूरत होती है। हां, जिन लोगों के बाल बहुत ऑयली होते हैं या जो लोग बहुत पसीने वाला कम करते हैं उन्हें बाल अक्सर धोने ही होते हैं। ऐसे में आपको खाली पानी से बालों को धो लेना चाहिए तब नेचुरल कंडीशनर इतना नहीं जाएगा।

कंडीशनर का इस्तेमाल कैसे करें

कंडीशनर के सही असर को देखने के लिए आपको इसका इस्तेमाल भी सही तरीके से करना होगा- सबसे पहले थोड़ा कंडीशनर हाथ में लें और बालों पर लगा दें। इसको ठीक वैसे ही लगाएं जैसे आप शैंपू लगाते हैं। इस दौरान बालों पर मसाज भी जरूर करें। बालों पर कंडीशनर को करीब 3 मिनट तक रहने दें। आपको हर शैंपू वॉश के बाद कंडीशनर लगाने की जरूरत नहीं है।